● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 55, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 29 मार्च 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

राजस्थान सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध : शर्मा 5

पांड्या की वापसी से मुंबई को मिलेगी मजबूती 6

कर्मयोगी भाव, भावनाओं के साथ प्रतिबद्ध प्रयास समय की जरूरत : राज्यपाल

प्रदेश राष्ट्र नीति के संकल्प पथ पर प्रतिबद्धता के साथ बढ़ रहा : डॉ. यादव

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश इतिहास के ऐसे पड़ाव पर पहुंच गया है, जहां से साफ दिख रहा है कि 21वीं सदी भारत की सदी होगी। कर्मयोगी भाव, भावनाओं के साथ विकसित भारत के लिए प्रतिबद्ध प्रयास समय की जरूरत है। कर्मयोग दैनिक जीवन में उच्चतर उद्देश्य के लिए आगे बढ़ने का वह रास्ता है जो व्यक्तिगत उन्नति के साथ समाज सुधार और सेवा का प्रभावी साधन है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश राष्ट्र नीति के संकल्प पथ पर प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारी विभिन्न भाषाए, बोलियां, मनोभाव और मूकभाव सभी संस्कृति के वह आभूषण है, जिन पर हमें गर्व है। प्रदेश में अन्य भाषाओं तमिल, तेलुगू आदि पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रदेश में

प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मिशन कर्मयोगी के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञों को शामिल करते हुए कमेटी बनाई जाएगी। यह बातें राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ कार्यक्रम में कही। कार्यशाला का आयोजन राजभवन मध्यप्रदेश द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग और यूनाइटेड कॉन्शियसनेस के सहयोग से किया गया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता और अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन ने छिंदवाड़ा के पारंपरिक बुनकरों द्वारा तैयार उत्तरीय परिधान और पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया। कार्यशाला में उप कुलपति जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय प्रोफेसर शांतिश्री धुलीपुड़ी पंडित, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री भरत शरण सिंह, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संचालक श्री अशोक कड़ेल, आयुक्त उच्च शिक्षा श्री निशांत बरबड़े भी मंचासीन थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आज हमारे देश ने ज्ञान, विज्ञान, अर्थव्यवस्था सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। दुनिया में भारत की नई पहचान और साख बनी है। हमारा देश ऐसे मोड़ पर है, जहां से एकजुट और एकमत प्रयासों से राष्ट्र विकास की नई इबारत लिखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि 4-5 दशक पूर्व आज के विकसित राष्ट्रों में भी ऐसे ही मोड़ आए थे। नागरिकों के कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित प्रयासों से राष्ट्र का स्वरूप बदल दिया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विकसित भारत निर्माण के लिए कर्मयोगी, भावी पीढ़ी का निर्माण शिक्षकों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में कर्मयोगी बनने के लिए काम की प्रकृति चाहें जो भी हो, व्यक्तिगत लाभ की इच्छा, परिणाम, सफलता और असफलता किसी की भी चिंता किए बिना लगातार कार्य करना होगा। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि कर्मयोग पथ के अभ्यासी को शुरु-शुरु में परिणामों की चिंता, समाज की अपेक्षाएं, मान्यताएं और दैनिक जीवन की व्यस्तताओं में समय की कमी आदि की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ये सभी चुनौतियां सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ समय प्रबंधन और कर्तव्य पालन, ध्यान, साधना तथा चिंतन के नियमित आध्यात्मिक अभ्यास से दूर हो जाती है।

मोदी सरकार का केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा, महंगाई भत्ते में दो फीसदी की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते व महंगाई राहत (डीए व डीआर) में 2% की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को इसका एलान किया। इस संशोधन के साथ, डीए और डीआर 53त्न से बढ़कर 55% हो जाएगा। इससे कर्मचारियों के वेतन और रिटायर्ड कर्मचारियों के पेंशन में वृद्धि होगी। पिछली बार डीए में वृद्धि जुलाई 2024 में हुई थी, जब इसे 50% से बढ़ाकर 53% किया गया था। डीए और डीआर दोनों में वृद्धि के कारण राजकोष पर संयुक्त प्रभाव प्रति वर्ष 6,614.04 करोड़ रुपये होगा। सरकार के इस फैसले से करीब 1.15 करोड़ केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को लाभ होगा। कैबिनेट के फैसले का एलान करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अतिरिक्त डीए और डीआर से जुड़ा फैसला 01 जनवरी 2025 से लागू होगा और सरकार

इस मद में अतिरिक्त 7,716 करोड़ रुपये खर्च करेगी। अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 12 महीने के औसत में वृद्धि के आधार पर डीए की दर तय की जाती है। डीए वृद्धि मद में सरकार इस वृद्धि के बाद अतिरिक्त 3,622 रुपये खर्च करेगी। वहीं डीआर मद में 2,992 रुपये का अतिरिक्त खर्चा आएगा। महंगाई भत्ता (डीए) सरकारी कर्मचारियों को बढ़ती महंगाई से निपटने में मदद करने के लिए दिया जाने वाला भत्ता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बढ़ती महंगाई के कारण वेतन अपना मूल्य न खो दे। कर्मचारियों का मूल वेतन हर 10 साल में वेतन आयोग की ओर से निर्धारित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, महंगाई के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए डीए में समय-समय पर बदलाव किया जाता है।

कैबिनेट ने बिहार की कोसी मेची अंतर-राज्यीय लिंक परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल करने को भी मंजूरी दे दी है। इस फैसले बिहार के सीमांचल इलाके के किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा।

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 6,282.32 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना को मार्च, 2029 तक पूरा करने के लिए बिहार को 3,652.56 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता को भी मंजूरी दे दी है।

इस परियोजना में मौजूदा पूर्वी कोसी मुख्य नहर के पुनर्निर्माण के माध्यम से बिहार में महानंदा बेसिन तक सिंचाई के विस्तार के लिए कोसी के अधिशेष जल के एक हिस्से को मोड़ने की परिकल्पना की गई है।

युद्धक्षेत्र में सफलता से पुतिन उत्साहित

कहा- यूक्रेन यूएन प्रायोजित बाहरी शासन के अधीन रहे

मॉस्को। यूक्रेन के खिलाफ युद्धक्षेत्र में सफलता से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन काफी उत्साहित है। वहीं शुक्रवार की सुबह टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में उन्होंने रूसी परमाणु पनडुब्बी के चालक दल को संबोधित किया। इस दौरान व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को संयुक्त राष्ट्र प्रायोजित बाहरी शासन के अधीन रखा जाए। वहीं इस दौरान व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की को अवैध बताया, क्योंकि उनका कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था और उनके

अनुसार, कोई भी समझौता जो वर्तमान यूक्रेनी सरकार के साथ किया जाएगा, उसे उनके उत्तराधिकारी चुनौती दे सकते हैं। बता दें कि, यूक्रेन के संविधान के तहत देश में मार्शल लॉ के दौरान राष्ट्रीय चुनाव कराना अवैध है।

पुतिन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के तहत, अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ, वे यूक्रेन में अस्थायी शासन स्थापित करने पर विचार कर सकते हैं, ताकि वहां लोकतांत्रिक चुनाव हो सकें और एक ऐसा सरकार बनी जो जनता का विश्वास हासिल करे। इसके बाद ही शांति समझौते पर बातचीत की जा सकती है। रूस के राष्ट्रपति का यह बयान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की तरफ से आयोजित शांति सम्मेलन के बाद आया, जिसमें यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए सैनिकों को तैनात करने पर चर्चा हुई थी। हालांकि, रूस ने चेतावनी दी है कि वह नाटो देशों के सैनिकों को शांति सेना के रूप में स्वीकार नहीं करेगा।

भारत 156 मेड इन इंडिया एलसीएच प्रचंड चॉपर खरीदेगा

नई दिल्ली। भारत ने 156 मेड इन इंडिया प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने का फैसला लिया है। ये लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) हैं। रक्षा अधिकारी के हवाले से आई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अब तक का सबसे बड़ा रक्षा सौदा है, जिसे केंद्र सरकार ने मंजूरी दी है। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की आज हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। रक्षा अधिकारी ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने इस वित्त वर्ष में 2.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।

अच्छे नतीजे निकलेंगे, व्यापार वार्ता सही दिशा में बढ़ रही : पीयूष

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ता सही दिशा में आगे बढ़ रही है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इससे भारत का हित सुरक्षित रहेगा और दोनों देशों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि वह कृषि, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल्स सहित विभिन्न क्षेत्रों के उद्योगों के साथ लगातार बात कर रहे हैं।

साथ ही एक कार्यक्रम में पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर चर्चा जारी है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह सही दिशा में बढ़ रही है। इसका अच्छा परिणाम निकलेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति

डोनाल्ड ट्रंप की 2 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा से क्या कोई भूचाल आएगा। इस पर गोयल ने कहा कि भारत की विकास गाथा सुरक्षित रहेगी और देश वैश्विक अर्थव्यवस्था को शक्ति प्रदान करता रहेगा।

उन्होंने कहा कि भूचाल फ्लाइट में आ सकता है, लेकिन हालात पर कमांडर का पूरा नियंत्रण है। इसलिए फ्लाइट न केवल सुरक्षित लैंड करेगी, बल्कि हम ऐसी कई यात्राओं को सफलतापूर्वक पार करेंगे और विकसित भारत 2047 के गंतव्य तक पहुंचेंगे।

इसके साथ ही गोयल ने कहा कि हम पूरी तरह आश्वस्त हैं कि वैश्विक महाशक्ति बनने के लिए हम देश को अमृत काल में ले जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण से संबंधित वार्ता में वस्तुओं पर शुल्क घटाने सहित भारत की डिजिटल सेवाओं को उदार बनाने पर गहन चर्चा हो रही है। दरअसल सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधिमंडल (यूएसटीआर) ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में भारत आया हुआ है।

तेज भूकंप के दौरान चंद सेकंड में धराशायी हुई गगनचुंबी इमारत

बैंकॉक। दक्षिण-पूर्व एशिया में शुक्रवार को आए दो तेज भूकंप के झटकों से जमकर तबाही हुई। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में कई इमारतें हिल गईं। इस दौरान एक निर्माणाधीन ऊंची इमारत देखते ही देखते धराशायी हो गई। बैंकॉक में ऊंची-ऊंची छतों वाले पूलों से पानी बहकर सड़कों पर आ गया और कई इमारतों से मलबा गिरने लगा। इसके अलावा शहर के साथ-साथ पड़ोसी म्यांमार में भी लोग दहशत में देखे गए। प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक, अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और जर्मनी के जीएफजेड भूविज्ञान केंद्र ने बताया कि दोपहर के भूकंप का केंद्र म्यांमार में 10 किलोमीटर (6.2 मील) की गहराई में था।

गोवा में एक रंग में दिखेंगी सरकारी इमारतें

विधानसभा में सीएम सावंत बोले-भगवा नहीं किया जाएगा

पणजी। गोवा में जल्द ही सभी सरकारी इमारतें एक रंग में दिखाई देंगी। सीएम प्रमोद सावंत ने विधानसभा में बजट पेश किए जाने के दौरान सरकारी इमारतों के लिए एक समान रंग कोड लागू करने का प्रस्ताव पेश किया। जब विपक्ष ने रंग को लेकर पूछा तो सीएम बोले कि इमारतों का रंग भगवा नहीं होगा। सीएम ने कहा कि मैं सरकारी इमारतों को एक समान रंग कोड के साथ पेंट करने का प्रस्ताव करता हूं। सीएम ने कहा कि रंग भगवा नहीं होगा। इसके लिए राज्य सरकार की सभी इमारतों का संरचनात्मक ऑडिट किया जाएगा। कुछ इमारतों का ऑडिट पहले ही शुरू किया जा चुका है। विस्तृत परामर्श रिपोर्ट के आधार पर सुधारात्मक उपाय फास्ट ट्रैक मोड पर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बजट में सरकार ने राज्य की सभी विरासत इमारतों का संरचनात्मक ऑडिट करने का भी प्रस्ताव रखा है। इसके बाद आवश्यकतानुसार सभी विरासत इमारतों का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा।

सौर ऊर्जा उत्पादन में रुकावट बन रहा वायु प्रदूषण

साल के धूप वाले करीब 300 दिनों में भी आ रही गिरावट

नई दिल्ली। वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन भारत में सौर पैनलों की कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहे हैं। भारत में सालभर में लगभग 300 दिन धूप वाले होते हैं, लेकिन वायु प्रदूषण की वजह से इन दिनों की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है, जिसका सौर ऊर्जा उत्पादन पर सीधा असर पड़ रहा है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के शोधकर्ताओं के एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। इसका प्रकाशन एनवायर्नमेंटल रिसर्च लेटर्स नामक पत्रिका में हुआ है। यह विश्लेषण करने वाला पहला

अध्ययन है कि जलवायु परिवर्तन भारत में सौर सेल की दक्षता को कैसे प्रभावित कर सकता है।

अध्ययन के अनुसार, भारत विश्व स्तर पर सौर ऊर्जा उत्पादन में पांचवें स्थान पर है और 2030 तक अपनी 50 फीसदी बिजली गैर-जीवाश्म ईंधनों से उत्पन्न करने का लक्ष्य रखता है। इसके तहत 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने की योजना बनाई गई है, जिसमें से लगभग 20 फीसदी सौर ऊर्जा से प्राप्त की जाएगी। साथ ही इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सौर पार्कों के विस्तार और छतों पर सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है।अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की तरह सौर फोटोवोल्टिक ऊर्जा भी मौसम और जलवायु की स्थिति पर निर्भर करती है। भारत में सौर ऊर्जा क्षमता का सटीक आकलन करना आवश्यक है, क्योंकि यहां तेजी से सौर ऊर्जा परियोजनाओं को स्थापित किया जा रहा है।

हम पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के हालात पर चिंतित

विदेश मंत्री के बयान पर थरूर का समर्थन

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के लोकसभा में दिए बयान का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के हालात को लेकर चिंतित है। थरूर ने कहा कि %साफ संकेत हैं कि हम पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की भलाई को लेकर चिंतित हैं। लेकिन परेशानी ये है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई द्विपक्षीय बातचीत नहीं हो रही है, वरना हम अपनी चिंताओं को सीधे पाकिस्तान के सामने बता सकते थे और समस्या का निवारण करने की मांग कर सकते थे। विदेश मंत्री का बयान पूरी तरह से तथ्यात्मक था और हमें भी इस पर ध्यान देने की जरूरत है कि हमारे पड़ोसी देशों में बेहद परेशान करने वाली स्थिति है। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर नेच लोकसभा में एक प्रश्न के जवाब में कहा, हम पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार पर बहुत बारीकी से नजर रखते हैं।

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था की जाएं : मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाधान ऑनलाइन में आए विभिन्न प्रकरणों में लापरवाही बरतने वाले 20 अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही पेयजल प्रदाय में अव्यवस्था के दोषी ठेकेदार को अर्थदंड से दंडित किया गया। शुक्रवार को समाधान ऑनलाइन में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों में से ऐसे प्रकरणों का समाधान किया गया जिनका लंबे समय से समाधान लंबित था। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी समाधान ऑनलाइन में उपस्थित थे।

बोलने की आजादी लोकतंत्र का अभिन्न अंग

भड़काऊ गाने के मामले में इमरान प्रतापगढ़ी पर दर्ज एफआईआर रद्द

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने भड़काऊ गाने के मामले में कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ गुजरात पुलिस की ओर से दर्ज की गई एफआईआर को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र का अभिन्न अंग है। ऐसे ही नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना अदालत का कर्तव्य है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह सुनिश्चित करना भी अदालत का कर्तव्य है कि संविधान और संविधान के आदर्शों का उल्लंघन न हो। कोर्ट ने कहा कि कविता,

नाटक, फिल्म, व्यंग्य, कला सहित साहित्य मनुष्य के जीवन को अधिक सार्थक बनाता है। पुलिस को लोगों की बुनियादी अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि भले ही बड़ी संख्या में लोग किसी दूसरे के विचारों को पसंद न करते हों, लेकिन विचारों को व्यक्त करने के व्यक्ति के अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए और उसकी रक्षा की जानी चाहिए। सेहतमंद समाज में बोलने की आजादी का सम्मान होना चाहिए।

नितिन गडकरी ने हर दोपहिया वाहन के साथ दो आईएसआई हेलमेट अनिवार्य करने का रखा प्रस्ताव

नई दिल्ली। भारत में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के मकसद से, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रस्ताव दिया है कि सभी दोपहिया वाहनों को दो आईएसआई प्रमाणित हेलमेट के साथ बेचा जाना चाहिए। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इस महत्वपूर्ण फैसले की घोषणा की गई। जिसे टू-व्हीलर हेलमेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का पूरा समर्थन मिला है।

भारत में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं। हर साल 4,80,000 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और 1,88,000 से ज्यादा लोगों की जान जाती है। इनमें से 66 प्रतिशत मृतक 18 से 45 वर्ष की आयु के होते हैं। खासकर दोपहिया वाहनों से जुड़े हादसों में हर साल 69,000 से अधिक लोग मारे जाते हैं। जिनमें से 50 प्रतिशत मौतें हेलमेट नहीं पहनने के कारण होती हैं।

टू-व्हीलर हेलमेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (टीएचएमए) लंबे समय से आईएसआई प्रमाणित हेलमेट की अनिवार्यता की मांग कर रहा है। टीएचएमए ने गडकरी के इस सक्रिय नेतृत्व की सराहना की है। टीएचएमए के अध्यक्ष राजीव कपूर ने कहा, यह सिर्फ एक नियम नहीं, बल्कि देश की आवश्यकता है। हेलमेट जीवन बचाते हैं, और हर बाइक खरीद के साथ उन्हें अनिवार्य बनाना एक महत्वपूर्ण

कदम है। जो परिवार सड़क दुर्घटनाओं में अपनों को खो चुके हैं, उनके लिए यह कदम उम्मीद की किरण है कि अब ऐसी त्रासदियों को रोका जा सकेगा।

उद्योग जगत ने जोर देकर कहा कि दोपहिया वाहनों की सवारी अब जोखिमभरी नहीं होनी चाहिए। अगर राइडर और पीछे बैठने वाले दोनों के पास आईएसआई प्रमाणित हेलमेट होगा, तो सफर सुरक्षित और जिम्मेदारी भरा बनेगा।

हेलमेट निर्माता संघ ने आश्वासन दिया कि वे गुणवत्तापूर्ण आईएसआई हेलमेट के उत्पादन में बढ़ोतरी करेंगे और देशभर में इनकी उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने गडकरी की इस पहल को सड़क सुरक्षा में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह कदम भारत में सुरक्षित और समझदारी भरी दोपहिया यात्रा के नए युग की शुरुआत करेगा। क्योंकि हर हेलमेट के पीछे एक कीमती जीवन होता है। आईएसआई सर्टिफाइड हेलमेट वे हेलमेट होते हैं जो भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा तय किए गए सुरक्षा मानकों पर खरे उतरते हैं। इन हेलमेट्स पर आईएसआई (इंडियन स्टैंडर्ड्स इंस्टीट्यूट) मार्क होता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि हेलमेट ने कड़े गुणवत्ता और सुरक्षा परीक्षणों को पास किया है। यह प्रमाणपत्र यह भरोसा दिलाता है कि अगर कोई दुर्घटना होती है, तो यह हेलमेट सवार को सुरक्षा प्रदान करेगा। आईएसआई मार्क यह दर्शाता है कि हेलमेट सरकार द्वारा स्वीकृत सुरक्षा नियमों के अनुरूप बना है। बिना आईएसआई सर्टिफिकेशन वाले हेलमेट्स उतनी सुरक्षा नहीं दे सकते और दुर्घटना की स्थिति में गंभीर चोट लगने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए, जब भी आप हेलमेट खरीदें, यह जरूर देखें कि वह आईएसआई प्रमाणित हो।

प्रदेश को मुख्यमंत्री नही, बल्कि मोदी के उद्योगपति दोस्त चला रहे हैं : हरीश

जन आक्रोश आंदोलन रैली में सिंगरौली पहुंचे कॉग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष, भाजपा व सरकारी नुमाईदों पर जमकर बरसे, सौपा ज्ञापन

सिंगरौली। जिले में व्याप्त भ्रस्टाचार, विस्थापन, बेरोजगारी, प्रदूषण आदि को लेकर सिंगरौली कांग्रेस द्वारा आयोजित जन आक्रोश आंदोलन का आयोजन किया गया। आंदोलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरीश चौधरी राष्ट्रीय महासचिव सह प्रदेश प्रभारी मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल व सीडब्लूसी सदस्य व पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल मंचासीन रहे।

कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास जुड़वा तालाब के प्रांगण में आयोजित जन आक्रोश आंदोलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार को मुख्यमंत्री मोहन यादव नही चला रहे हैं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के उद्योगपति दोस्त चला रहे हैं। दौलत की ताकत से म.प्र. का फैसला पूँजीपति ले रहे हैं। उद्योगपतियों को लाभ पहुँचाने व किसानो और भू-स्वामियों के शोषण के लिए प्रदेश सरकार एक नया कानून लायी है। जिसमें बिना एक रूपया मुआवजा का भुगतान किये भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। केंद्र सरकार को घेरते हुए राष्ट्रीय महासचिव श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 2013 में नया भू-अर्जन अधिनियम लागू किया था। जिसमें भू-मालिक व किसान को बाजार का चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। लेकिन जैसे ही केंद्र में मोदी सरकार बनी उसके बाद नये भू-अधिग्रहण अधिनियम को बदलने का प्रयास किया गया। लेकिन राहुल गाँधी ने मजदूरों, किसानो व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सपोर्ट से पदयात्रा निकाल केंद्र सरकार के मंसूबे पर पानी फेर दिया। केंद्र सरकार जब यहां सफल नही हुई तो भाजपा शासित राज्यों को अलग से भू-अधिग्रहण का अधिकार दे दिया। जिसका नतीजा यह है कि उद्योगपतियों से पूछ कर कानून बनाया जा रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण म.प्र. है जहां हाल ही में बगैर मुआवजा दिए अधिग्रहण हो जाएगा। सिंगरौली जिले में व्याप्त बेरोजगारी हो रहे विस्थापन से किसानों के शोषण, प्रदूषण व मूलभूत सुविधाओं के आभाव पर तंज कसते हुए श्री चौधरी ने कहा कि इंदौर के बाद सरकार को सबसे अधिक राजस्व देने वाला सिंगरौली अपनी बदहाली पर आँसू बहाने को मजबूर है। सिंगरौली के पैसे को कहीं और खर्च किया जा रहा है। श्री चौधरी यही नहीं रुके, केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी को घेरते हुए कहा कि अमेरिका जैसे देश में सड़क व फ्लाई ओवर बनाने का दम भरने वाले श्री गड़करी सीधी-सिंगरौली की सड़क पिछले डेढ़ दशक में पूर्ण नही करवा पाए। जिले में डीएमएफ फंड होने के बाद भी सिंगरौली जिला बदहाली के आंसू बहा रहा है। इस दौरान जिला कॉंग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, अमित द्विवेदी, सूर्य कुमार द्विवेदी, सरस्वती सिंह, मानिक सिंह सहित भारी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आम जनता मौजूद रही।

इससे पूर्व आंदोलन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्र सरकार के 10 वर्ष पूर्व दिए गये नारा सबका साथ-सबका विकास पर तंज कसते हुए कहा कि जनता का विकास तो नही हुआ, लेकिन मोदी के उद्योगपति दोस्तों का चहुमुखी विकास हुआ। इस हिसाब से सही नारा उद्योगपति दोस्तों का विकास जनता का विनाश सटीक बैठता है। केंद्र व प्रदेश सरकार अदाणी व अम्बानी का साथ दे रही है। प्रदेश सरकार हर वर्ष 1 लाख बेरोजगार को रोजगार देने की बात कहती है, लेकिन आज तक किसी को कोई नौकरी नही दी। प्रदेश सरकार 31 लाख करोड़ का इन्वेस्टर मीट आयोजित करती है और इस दौरान भी कहती है कि 1 लाख लोगों को रोजगार देंगे, लेकिन किसी को रोजगार मिलना तो दूर, जिनके हाथ में रोजगार था वह भी छीनता जा रहा है। देश में सबसे अधिक कहीं बेरोजगारी है तो म.प्र. के सिंगरौली जिले में हैं। यह स्थिति उस जिले की है जहां अनगिनत औद्योगिक इकाईया स्थापित हैं। सीएम ने कई बार अपने घोषणा में कहा कि स्थानीय युवाओं व बेरोजगारों को 70 प्रतिशत रोजगार देंगे, लेकिन सच्चाई क्या है सबको पता है। जिले में केवल लूट मची है। मोटी रकम की चढ़ोत्तरी देकर प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस विभाग के लोग आ रहे हैं और यहां के भाजपा जनप्रतिनिधि के साथ मिलकर खुलेआम भ्रष्टाचार कर रहे हैं। प्रदेशाध्यक्ष श्री पटवारी ने चिंता व्यक्त करते हुए आगे कहा कि जिले में डीएमएफ का करोड़ो का फंड होने के बाद जिले में सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा व्यवस्था की स्थिति दयनीय है। जन आक्रोश आंदोलन को पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल व पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने भी सम्बोधित किया।

अदाणी फाउंडेशन ने दिव्यांगजनों को वितरित किया ट्राइसाईकिल

आजीविका संचालन के लिए निःशुल्क सिलाई मशीन महिलाओं को कराई गई उपलब्ध

सिंगरौली। अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित मंगल सेवा-सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना हैं, सेवा ही परमात्मा है। कार्यक्रम अंतर्गत देश के विभिन्न क्षेत्रों में दिव्यांगजनों के लिए कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

महिला सशक्तिकरण के लिए और दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिला के बंधौरा स्थित पावर प्लांट में उपकरण वितरण किया गया। हाल ही में मंगल सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसके तहत देश के विभिन्न क्षेत्रों में दिव्यांगजनों को निःशुल्क आवश्यक उपकरण एवं स्वरोजगार के लिए स्थानीय महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान की जा रही है। एक आयोजित कार्यक्रम में पांच दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक ट्राइसाईकिल का वितरण किया गया। सरकारी नियमों के तहत पात्रता के आधार पर बंधौरा स्थित पावर प्लांट के आसपास के गांवों में बेहतर जीवन यापन के लिए अनेक उपक्रमों में से एक नया प्रयास मंगल सेवा तहत यह कार्य किया गया और आने वाले समय में जरूरतमंदों की सहायता की जाएगी। सिलाई प्रशिक्षण के उपरान्त उपरांत सात महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित किए गए। महिला सशक्तिकरण तथा स्वावलम्बन को ध्यान देते हुए अदाणी फाउंडेशन के द्वारा पिछले कुछ महीनों में 250 से अधिक महिलाओं को तीन माह की सिलाई ट्रेनिंग दिया जा चुका है।

नायब तहसीलदार के भतीजी की क्रय भूमि रजिस्ट्री निरस्त

विक्रेता को अलग-अलग 27 लख रुपए से अधिक का दिया था चेक, कलेक्टर के फटकार के बाद नायब तहसीलदार ने मजबूरन रजिस्ट्री को कराया खारिज

सिंगरौली। तहसील बरगवां के चर्चित नायब तहसीलदार ने अपने भतीजी के नाम और ओड़गड़ी गांव में खरीदी जमीन के पंजीयन को आखिरकार निरस्त कर दिया है। विक्रेता लालमती बैस पति तुलसीराम बैस को नायब तहसीलदार प्रदीप सिंह ने अपने चालक के नाम का अलग-अलग 23 लख रुपए से अधिक का चेक दिया था। जो दो बार चेक बाउंस हो चुका था। अंततः कलेक्टर तक बात पहुंची। जहां कलेक्टर के कड़े फटकार के बाद नायब तहसीलदार ने उक्त पंजीकृत जमीन की रजिस्ट्री को निरस्त कर दिया है।

हुआ यू था कि बरगवां नायब तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार प्रदीप सिंह अपने कार्य प्रणालियों को लेकर इन दिनों सुर्खियों में है। तहसीलदार के साथ एक और मामला जुड़ गया। जब उन्होंने अपने भतीजी ऑचल सिंह चौहान के नाम से ग्राम ओड़गड़ी में लालमती बैस से करीब 28 लाख रुपए कीमत की भूमि क्रय किया था। किंतु आरोप है कि नायब तहसीलदार ने उक्त भूमि के भुगतान के एवज में अलग-अलग कई चेक दिया था। जहां करीब 3 महीने बाद भी चेक क्लियर नही हुआ और दो बार सभी चेक बाउंस हो गए। विक्रेता इस स्थिति से नायब तहसीलदार को बार-बार अवगत कराया जाता रहा। नायब तहसीलदार के अलावा बाउंस चेक के बदले भुगतान के लिए झूठी तसल्ली एवं तारीख पर तारीख दी जा रही थी और जब विक्रेता को लगा कि नायब तहसीलदार भुगतान करने के इरादे में नही है। बल्कि लटकाने का प्रयास कर रहा हैं। हालांकि चेक नायब तहसीलदार ने अपने खासम खास वाहन चालक के नाम से विक्रेता को दिया था। मामला जब पिछले दिनों कलेक्टर के यहां पहुंचा तो नायब तहसीलदार और सुर्खियों में आ गया। आरोप यहां तक लगाया जा रहे हैं कि नायब तहसीलदार विक्रेता को घुड़की भी देने लगे। इसके बावजूद विक्रेता पर कोई असर नही पड़ा। दोबारा विक्रेता महिला अपने परिवारजनों के साथ कलेक्टर से मिलकर अपनी आर्थिक एवं बीमारी हालात से अवगत कराई। महिला की स्वास्थ्य हालत को देख कलेक्टर ने नायब तहसीलदार को जमकर खरीखोटी सुनाया और अंततः नायब तहसीलदार ने भतीजी के नाम क्रय किए गए भूमि की रजिस्ट्री को बीते दिन कल 27 मार्च को निरस्त कर दिया है।

वैश्य महासम्मेलन की कश्यप भवन धर्मशाला में बैठक हुई आयोजित

सिंगरौली। वैश्य महासम्मेलन प्रदेश इकाई के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई सिंगरौली के तत्वाधान में वैश्य एकता रैली निकालने के लिए एक बैठक कश्यप भवन धर्मशाला में की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि गुड़ी पड़वा वैश्य दिवस रैली चैत्र रामनवमी के प्रथम दिन में मनाई जाएगी।

इस वर्ष नवरात्र का पहला दिन 30 मार्च दिन रविवार को पड़ रहा है जो कि उसी दिन वैश्य दिवस की रैली निकाली जाएगी। जिसके लिए तैयारी बैठक में निर्णय लिया गया कि उस दिन तुलसी मार्ग में स्थित शिव मंदिर में सभी महिलाएं-पुरुष एवं बच्चे शाम 5 बजे एकत्रित होकर के मंदिर प्रांगण में ही भजन एवं कीर्तन करेंगे तथा शाम 6ः 30 बजे से रैली निकाली जाएगी। जिसमें वैश्य समाज की कुलदेवी माता लक्ष्मी माता, सरस्वती माता, दुर्गा जी की चलाए मान झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस बैठक में प्रमुख लोग उपस्थित रहे जिसमें वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश मंत्री राजाराम केसरी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष गोरेलाल शाह, जिला महामंत्री रमेश कुमार शाह सहित अन्य मौजूद रहे।

विंध्याचल में सिलाई ट्रेनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर के तत्वाधान में यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सिंगरौली द्वारा संचालित महिलाओं के लिए आयोजित सिलाई ट्रेनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान एनटीपीसी विंध्याचल के वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर एवं आर एंड आर माहताब आलम, कार्यपालक सीएसआर निखिल जायसवाल, रंजीत कुमार और फैकल्टी निशा द्विवेदी सहित कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। समारोह के दौरान संस्थान द्वारा महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिससे वे आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम और बढ़ा सके। यह कार्यक्रम महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक नई पहल साबित हुआ है, जो उन्हें हुनर और रोजगार के अवसर प्रदान करता है। यह पहल विंध्याचल परियोजना के निरंतर प्रयासों को प्रदर्शित करती है, जो महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने, आर्थिक स्वतंत्रता और सतत आजीविका को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

संकुल चलो अभियान के अंतर्गत बगैया में हुई बैठक

सिंगरौली। जिले के अंतर्गत चितरंगी विकासखंड में संकुल चलो अभियान के अंतर्गत उमावि बगैया में संपन्न हुई। इस बैठक का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण सिंह के नेतृत्व में और संघ के जिलाध्यक्ष उमा शंकर सिंह बैस के मार्गदर्शन में हुई। बैठक का संचालन संकुल अध्यक्ष बगैया आदित्य सिंह चौहान ने किया। इस बैठक के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष का सभी अतिथि शिक्षको को मार्गदर्शन मिला। साथ ही साथ उन्होंने यह अपील किया की संगठन का कोई भी कार्यक्रम हो उसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस बैठक में संकुल अध्यक्ष आदित्य सिंह ने कहा कि हम सभी को संगठन का भरपुर साथ देना चाहिए, ताकि जल्दी से जल्दी हम सभी का जो नियमितीकरण का लक्ष्य है वह पुरा हो सके।

आरईसी ने अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को सौपा ट्रांसमिशन एसपीव्ही

सिंगरौली

मध्यप्रदेश को आगामी दो से तीन वर्षों में दो चरणों में 1230 मेगावॉट विद्युत की अतिरिक्त उपलब्धता रहेगी। इसके लिए बिजली कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में आरईसी ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को ट्रांसमिशन एसपीव्ही सौपा। इस परियोजना के तहत मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड के बंधौरा-सिंगरौली पावर जनरेटिंग प्लांट से म.प्र. के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी के लिये ट्रांसमिशन नेटवर्क तैयार किया जाना है।

एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि म.प्र. पावर मैनेजमेंट कंपनी ने 1230 मेगावॉट विद्युत प्रदाय के लिए मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड से पॉवर परचेस अनुबंध किया था। उक्त के लिए मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड द्वारा 2×800 मेगावॉट क्षमता के पावर जनरेटिंग प्लांट की स्थापना प्रस्तावित है। उक्त पावर प्लांट से म.प्र. के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी के लिए नियामक आयोग के नियमानुसार टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली प्रक्रिया के अंतर्गत पारेषण अद्योसंरचना के विस्तार के लिए म.प्र. पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी/एसटीयू से अनुरोध किया गया था। जिसके तहत शासन ने निविदा प्रक्रिया समन्वयक बीपीसी के लिये आरईसीपीडीसीएल आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसलटेंसी लिमिटेड को नियुक्त किया।

सीआईएसएफ यूनिट विंध्याचल ने आयोजित किया प्रभावशाली सुरक्षा कार्यशाला

सिंगरौली

सीआईएसएफ यूनिट ने एनटीपीसी विंध्याचल के साथ मिलकर तापीय ऊर्जा क्षेत्र में सुरक्षा उपायों को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कौशिक गांगुली प्रयागराज ने किया। जिनके साथ ई सत्य फणि कुमार कार्यकारी निदेशक विंध्याचल, राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल और विभिन्न स्टेशनों के प्रबंधन प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में सीआईएसएफ के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्र के एनटीपीसी यूनिट्स के साथ-साथ यूपीआरवीयूएनएल द्वारा सामना किए जा रहे सुरक्षा चुनौतियों और परिचालन संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। कौशिक गांगुली वार्टर्स प्रयागराज ने सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने और सीआईएसएफ यूनिट्स में सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करने पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। जिससे यह कार्यशाला पावर सेक्टर में सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। अन्य यूनिट्स जैसे सिंगरौली और रिहंद के प्रबंधन प्रतिनिधि, जोसेफ बैस्टिन, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण और बीके पाण्डेय, मानव संसाधन प्रमुख ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

अलविदा जुमे उमड़ी भीड़

हजारों लोगों ने अदा की जुमे की नमाज

सिंगरौली

बैढ़न रमजानुल मुबारक का आखिरी जुमा यानी अलविदा जुमा आज बहुत ही अकीदत के साथ हेड जामा मस्जिद अहले सुन्नत में अदा की गई।

शकील अहमद के साथ सिद्धीकी ने बताया कि आज की जुमा बहुत खास जुमा है। जिसे अलविदा जुमा कहा जाता है। रमजान की बिदाई का यह जुमा को लेकर खास उत्सव पहले जुमा से ही बना रहता है। छोटे-बड़े सभी गांव से लेकर शहर तक के सभी सुन्नी बरेलवी मसलक के लोगों ने नमाज अलविदा जुमा में शामिल हुए। जुमे की नमाज से पहले वरिष्ठ मौलाना हाजी मंजूर अहमद साहब ने कहा कि यह पूरा महीना रमजान का बहुत बरकतों वाला, रहमतों वाला है। हम लोग रमजान जुमा की आखिरी जुमा यानी अलविदा जुमे की नमाज अदा कर रहे है। बहुत ही खुश किस्मत लोग है, जो रोजा रख रहे है। हर वक्त अपने गुनाहों से तौबा करो, ईद की नमाज से पहले अपने-अपने नाबालिग बच्चों से सदका फितरा अदा कर देवें। उक्त कार्यक्रम में बबलू बरकाती , मकसूद मंसूरी, सोनू शेख, गोलू खान, रशीद खान, फरहान मिर्जा सहित अन्य मौजूद रहे।

पूरी कार्ययोजना बनाकर जल गंगा संवर्धन अभियान चलाएं : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने समाधान आनलाइन में विभिन्न जिलों के आवेदकों की सुनी समस्याएं

सीधी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन में विभिन्न जिलों के आवेदकों की समस्याएं सुनी। रीवा जिले के आवेदक की प्राकृतिक दुर्घटना में भैंस के मरने पर राहत राशि के प्रकरण की सुनवाई करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को समय पर राहत राशि दें। इसमें देरी करने वाले पर कड़ी कार्यवाही करें। लापरवाही बरतने वाले तहसीलदार को निलंबित करें। राहत राशि के प्रकरण एक माह में निराकृत करें। प्रकरण के संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि आवेदक को पशु हानि की राहत राशि का भुगतान कर दिया गया है। प्रकरण देर से प्रस्तुत करने वाले नायब नाजिर को निलंबित कर दिया गया है। मऊगंज जिले के आवेदक सुनील साहू ने बताया कि उनकी बस्ती में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से डेढ़ वर्ष से पानी नहीं आ रहा है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल बहुत गंभीर समस्या है।

पेयजल से जुड़ी हर कठिनाई को दूर करके आमजनता को पेयजल उपलब्ध कराएं। प्रकरण के संबंध में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बताया कि पाइपलाइन में सुधार करा दिया गया है। प्रकरण में लापरवाही बरतने पर प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी मऊगंज महेश पटेल को निलंबित कर दिया गया है। इसी प्रकरण में लापरवाही बरतने पर उपयंत्री राजेश प्रताप सिंह को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त निर्माण करने वाली एजेंसी के विरूद्ध भी कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री ने समाधान आनलाइन में सिंगरौली जिले में आवेदिका के छात्रवृत्ति प्रकरण की सुनवाई करते हुए समय पर छात्रवृत्ति भुगतान के निर्देश दिए। प्रकरण के संबंध में कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि छात्रवृत्ति के पोर्टल में अनुसूचित जनजाति की छात्रा की जानकारी में सामान्य वर्ग दर्ज कर दिया गया था। इस गलती के सुधार के लिए प्राचार्य तथा संकुल प्राचार्य द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग को लगातार पत्र लिखे गए। पोर्टल बंद होने के कारण इसमें सुधार संभव नहीं हो सका। पोर्टल खुलने पर गलती में सुधार करके तीन वर्ष की छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने समाधान आनलाइन में सिवनी, सीहोर, विदिशा, ग्वालियर, छतरपुर, खण्डवा, छिंदवाड़ा, दतिया तथा गुना जिले के आवेदकों के प्रकरणों की भी सुनवाई की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की पूरी कार्ययोजना बनाकर प्रदेश भर में जल संरक्षण और जल संवर्धन के कार्य कराएं। अभियान में आमजनता की भी पूरी भागीदारी सुनिश्चित करें। आगामी 30 मार्च को विक्रम नववर्ष गुड़ी पड़वा मनाया जाएगा। यह महज नववर्ष की शुरूआत नहीं है। यह काल गणना की प्रथम तिथि है। विक्रम संवत नक्षत्रीय गणना राशियों तथा वैदिक गणना को समाहित किए हुए है। इन सबकी चर्चा 30 मार्च के कार्यक्रम में होनी चाहिए। विक्रम नववर्ष सूर्य उपासना से भी जुड़ा हुआ है।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा कि ई आफिस की व्यवस्था 30 अप्रैल तक हरहाल में लागू कर दें। इसके बाद कोई भी फाइल भौतिक रूप से एक अधिकारी से दूसरे अधिकारी के पास नहीं जाएगी। ई आफिस से प्रशासनिक कार्यों में समय की बचत होने के साथ दक्षता और गुणवत्ता में वृद्धि होगी। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक अपने जिले की कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास करें। अपने सूचना तंत्र को सुदृढ़ रखें। राजस्व अधिकारी रोस्टर के अनुसार अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण करें। आगामी गर्मियों में पेयजल की समुचित व्यवस्था हर बसाहट में करें। पूरे प्रदेश में इन गर्मियों में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कर दें कि अगले वर्ष कहीं भी पेयजल परिवहन की नौबत न आए। सभी अधिकारी वर्ष 2025-26 के लिए विभागीय योजनाओं के लक्ष्य 15 अप्रैल तक निर्धारित कर दें। समाधान ऑनलाइन तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष ध्यान दें।

भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार ने सेमरिया मंडल में वन नेशन वन इलेक्शन के लिए मांगा समर्थन

सीधी। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुसार राष्ट्रहित में वन नेशन, वन इलेक्शन के लिए सेमरिया मंडल में बुद्धिजीवियों को संबोधित करते हुए समर्थन मांगा। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि एक देश एक चुनाव भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक राष्ट्र एक राशन कार्ड, एक राष्ट्र एक शिक्षा, एक राष्ट्र एक कानून आदि के लिए कार्य किए हैं। इसी तारतम्य में एक देश एक चुनाव राष्ट्र के लिए अत्यंत आवश्यक है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने एक राष्ट्र एक चुनाव की सैकड़ो खूबियों को विस्तार से जनता को बताते हुए कहा कि आप सभी लोग वन नेशन वन इलेक्शन की चर्चा गली मोहल्ला और लोगों के बीच करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वन नेशन वन इलेक्शन के सह प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अनिल पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान, संजय सिंह चौहान, संतोष पाण्डेय सहित मंडल के विभिन्न समुदायों के सैकड़ो बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

दो दिवसीय बघेली महोत्सव का टाटा कॉलेज में हुआ समापन

सीधी। शहर के प्रतिष्ठित टाटा कॉलेज जमोड़ी खुर्द में दो दिवसीय बघेली महोत्सव का आयोजन 27 मार्च से किया गया एवं 28 मार्च को बघेली महोत्सव का समापन हुआ। इस दौरान टाटा कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा बघेली व्यंजन एवं लोकगीतों, लोक कला, नाट्य आदि की प्रस्तुतियां भी दी गई। इस दो दिवसीय बघेली महोत्सव में प्रथम दिवस बघेली साहित्य एवं क्षेत्र, बघेली संस्कार, बघेली लोक कला, बघेली वाद्य यंत्र, बघेली व्यंजन आदि के बारे में परिचर्चा का आयोजन किया गया एवं दूसरे दिवस बघेली लोकगीतों, लोक कला, नाट्य, वाद्य यंत्र आदि की प्रस्तुतियां दी गई। इसके पश्चात आज बघेली व्यंजन सहभोजन का आयोजन भी किया गया। बघेली महोत्सव के दौरान प्रमुख विषय विशेषज्ञों में डॉ. रामगरीब पाण्डेय विकल बघेली सहित्य एवं क्षेत्र, डॉ. शिवशंकर मिश्र सरस बघेली संस्कार, नीरज कुंदेर बघेली लोक कला, रोशनी प्रसाद मिश्र बघेली वाद्य यंत्र, नरेन्द्र बहादुर सिंह बघेली व्यंजन आदि रहे। बघेली महोत्सव के प्रथम दिन मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र सिंह परिहार जनपद अध्यक्ष सीधी, विशिष्ट अतिथि

श्रीमती रचना राजे सिंह संचालिका सिद्धभूमि इंटरनेशनल स्कूल, विशिष्ट अतिथि बृजेश सिंह सरल बघेली साहित्यकार, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अनूप मिश्रा युवा समाजसेवी रहे। वहीं कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि शिवमूरत देव जी महाराज राष्ट्रीय प्रवक्ता, विशिष्ट अतिथि ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी सीधी, कार्यक्रम अध्यक्ष इंजी. आर बी सिंह टाटा कॉलेज सीधी रहे। श्री सिंह ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई से संबंधित टिप्स एवं बघेली महोत्सव के आयोजन के महत्व को समझाया। इस दौरान टाटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के प्रबंध निदेशक इजी. आरबी सिंह, टाटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के सीईओ डॉ. राजेश वर्मा, टाटा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य राघवेंद्र द्विवेदी, टीआईटी प्राचार्य डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान, अकेदमिक डीन सौरभ सिंह, वरिष्ठ लाइब्रेरियन बीएल सिंह सहित महाविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

ई-आफिस कार्य प्रणाली के लिए आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करें : कलेक्टर

अधिकारियों को दिया गया ई-ऑफिस का प्रशिक्षण

सीधी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में अधिकारियों को ई-ऑफिस की कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कहा कि राज्य शासन द्वारा कार्यालयों में कार्य प्रक्रिया में तेजी लाने एवं पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस की कार्यप्रणाली लागू करने एवं इसे अमल में लाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। सभी विभाग निर्देशानुसार सभी कार्यवाहियां समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सभी कार्यालयों में माह अप्रैल से ई-ऑफिस में कार्यवाही की शुरुआत की जाए।

कलेक्टर ने समस्त कार्यालय प्रमुखों के निर्देशित किया कि वे ई-ऑफिस कार्य प्रणाली को लागू करने से संबंधित कार्यवाहियाँ जैसे शासकीय कर्मचारियों व अधिकारियों के व्यक्तिगत शासकीय ई-मेल आई.डी का निर्माण, मास्टर डेटाबेस तैयार करने के पश्चात ई-ऑफिस पोर्टल पर ऑन बोर्ड करना एवं कर्मचारियों व अधिकारियों को एनआईसी एवं जिला ई-गवर्नेंस द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने संबंधित कार्यवाहियाँ शीघ्र कर लें। कलेक्टर ने कहा कि उक्त कार्यवाहियां प्राथमिकता से करें जिससे शासन की मंशा अनुरूप ई-ऑफिस कार्य प्रणाली को जिले के कार्यालयों में तय समय-सीमा में लागू किया जा सके।

जिला सूचना अधिकारी दशरथ प्रजापति द्वारा विभाग प्रमुखों को ई-ऑफिस कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी तथा संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिवदान बने श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के जिलाध्यक्ष

सीधी। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद दुष्यंत कुमार गौतम (दिल्ली), अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री गुजरात विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष आत्माराम परमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजीत कुमार (दिल्ली), राष्ट्रीय महामंत्री संगठन सूरज कैरो, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं म.प्र. शासन के मंत्री गौतम टेटवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रदीप लारिया की सहमति से एवं प्रदेश अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार की अनुशंसा से शिवदान साकेत को समाज सेवा नेतृत्व के प्रति निष्ठा एवं समर्पण, उनकी सक्रियता, राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के बैठकों में निरंतर रुप से सहभागी तथा

सामाजिक संगठनों के बीच सामंजस्य एवं मिलनसारिता को देखते हुए गुरु रविदास विश्वमहापीठ मध्य प्रदेश प्रान्त जिला सीधी का दूसरी बार जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। संत शिरोमणि रविदास समाज का अंतर्राष्ट्रीय संगठन का जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर शिवदान साकेत ने विश्वमहापीठ के अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के सभी पदाधिकारियों का आभार ज्ञापित करते हुए कहा है कि मैं संगठन के द्वारा सौंपें गए दायित्व को पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य कर विश्वमहापीठ के माध्यम से गुरु रविदास जी की शिक्षा उपदेशों के माध्यम से समाज में समरसता, बंधुत्व भाव, सामाजिक बुराईयों, अंधविश्वास, मृत्युभोज, नशामुक्ति जैसी कुरीतियों को समाप्त करने धर्म परिवर्तन तथा लव जिहाद की शिकार हो रही बेटियों की रक्षा और सुरक्षा के लिए कृत संकल्पित रहेंगे तथा गुरु जी के उपदेशों को निष्ठा एवं समर्पण के साथ समाज में पहुंचाने का कार्य करते हुए उनके हको, अधिकारों के लिए समाज बंधुओं को जागृत कर खड़ा करूँगा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से हर्ष व्यक्त करने वाले विनोद साकेत, शिवलाल साकेत, भोला साकेत, हरिकेश साकेत, बृजेन्द्र साकेत, मुन्नालाल चौधरी, राजलाल साकेत, दिलीप साकेत, अशोक साकेत, दीपक साकेत, श्रीमती उर्मिला साकेत खड्डी, श्रीमती कंचन साकेत, गणेश साकेत भितरी, संतोष साकेत रामपुर नैकिन, राजकुमार साकेत? तिबरिगमा, श्रीमती निर्मला साकेत, श्रीमती चंद्रवती साकेत जिला पंचायत सदस्य, कृष्णदास साकेत जिला पंचायत सदस्य, भारत साकेत कंधवार, श्रीमती अर्चना साकेत सदस्य ज0पं0 सीधी, श्रीमती विट्टन साकेत सदस्य ज0पं0 सिहावल, रमेश साकेत पार्षद न0पा0 सीधी, श्रीमती गुड़िया साकेत पार्षद नगर परिषद रामपुरनैकिन आदि उपस्थित रहे।

सांसद डॉ राजेश मिश्र ने सपरिवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की मुलाकात

सीधी। नई दिल्ली में शुक्रवार को सीधी सांसद डॉ राजेश मिश्र ने सपरिवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाक़ात कर संजय टाईगर रिजर्व दुबरी में बाघ- बाघिन का छायाचित्र, विन्ध्य के लोक कला की प्रतीक ढोलक (मादर) भेंट कर चौफाल का पेड़ा भी खिलाकर अभिनंदन किया। सांसद डॉ राजेश मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दुबरी आने का आमंत्रण देते हुए बताया कि

मोहन नामक सफेद शेर सर्वप्रथम दुबरी में ही मिला था। अति प्राचीन चंदरेह शिव मंदिर, सुप्रसिद्ध विद्वान बीरबल जी की जन्मस्थली माँ चंडी धाम घोघरा, माड़ा की गुफाएं जैसे अनेक धार्मिक, आध्यात्मिक व पर्यटन स्थल भी है। संसदीय क्षेत्र खनिज संपदाओं से भी परिपूर्ण है परन्तु तीनों जिलों में विकास को और भी गति देने की नितांत आवश्यकता है। सांसद डॉ मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधी जिले के मनकीसर में कृषि अनुसंधान संस्थान, सिंगरौली जिले के देवसर में केन्द्रीय विद्यालय, ब्यौहारी के बाणसागर डैम में भारतीय जलसेना का प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की मांग करते हुए बताया कि जिले के मनकीसर ग्राम पंचायत में कृषि विभाग की 100 एकड़ भूमि में फ़ार्म संचालित है। यहाँ यदि कृषि अनुसन्धान संस्थान की स्थापना की जाती है तो कृषि आधारित जिला सीधी के किसानों व छात्र छात्राओं को आधुनिक व उन्नत जैविक खेती की ओर प्रेरित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल होगी।

कलेक्टर द्वारा नगरीय क्षेत्र में प्रगतिरत कार्यों का किया गया निरीक्षण

सीधी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा नगरपालिका सीधी क्षेत्रान्तर्गत शीतलदास तालाब, अमहा तालाब, मुड़ी तालाब, पुराना बस स्टैंड, नवीन बस स्टैंड, नवीन सब्जी मंडी का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा निर्देशित किया गया है कि शीतलदास तालाब, मुड़ी तालाब को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लें। अमहा तालाब अंतर्गत कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा करें। नवीन सब्जी मंडी अगले 7 दिनों में शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नवीन बस स्टैंड में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत जो कार्य हुए हैं उनमें आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल, नायब तहसीलदार, उपयंत्री एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

उप संचालक ने स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण कर कार्यक्रमों की समीक्षा की

सीधी। उप संचालक परिवार कल्याण एवं क्वालिटी इंश्योरेंस डॉ प्रमोद गोयल ने 27 एवं 28 मार्च को जिला सीधी का दौरा किया। उन्होंने निरोगी काया अभियान एवं अन्य स्वास्थ्य गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल, आरोग्यम हटवा, शहरी स्वास्थ्य केंद्र सीधी, संजीवनी क्लीनिक सीधी और जिला स्तरीय अनमोल प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-सीधी (म0प्र0)
Email-modgmsid@mp.gov.in

क्रमांक/2265/खनिज/2025 सीधी, दिनांक 24/03/2025

// द्वितीय सूचना //

" म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) "

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री अनिल सिंह चौहान, पिता श्री रमागोविन्द सिंह चौहान, निवासी ग्राम-ददरीखुर्द, तहसील-सिहावल, द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन 11.02.2025 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना दिनांक 22.02.2025 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः दिनांक 28.03.2025 से 11.04.2025 तक यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanijmp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	ख.क्र.	रकबा	भूमि का प्रकार	खनिज का नाम	रिमार्क
सीधी	गोपद बनास	अमहवा	116/2/2	01.50 हे0	निजी	गिट्टी, बोल्डर एवं एमसैण्ड	-

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जायेगा।

खनिज अधिकारी
जिला सीधी (म.प्र.)

जी-24907/24

"ISO 9001-2015 certified college"

शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय निपनिया रीवा (म.प्र.)

Govt. Autonomous Ayurved College & Hospital, Nipaniya Rewa (M.P.)
Tel. No. 07662-299160 Email- govtayucollegerewa@gmail.com
Website- www.gacrewa.org.in

क्र./स्था./25/1564 रीवा, दिनांक 27/03/25

विज्ञप्ति
वॉक इन इन्टरव्यू

विशेष भर्ती अभियान के तहत तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी दिव्यांगजनों के रिक्त पदों की पूर्ति वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से किया जाना है। जिसमें महाविद्यालय में दिनांक 24.04.2025 को दोपहर 02 बजे तक महाविद्यालय में डाक/स्वयं आकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं तथा साक्षात्कार दिनांक 25.04.2025 को समय 10.30 बजे शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय निपनिया रीवा में रखा गया है, विवरण निम्नानुसार है।

क्र.	श्रेणी	पद/संवर्ग का नाम	चिन्हांकित पद/संवर्ग एवं संख्या	निःशक्तजनों के लिए चिन्हांकित पदों की संख्या कुल योग				योग्यता/वेतनमान	रिमार्क
				दृष्टिबाधित और कम दृष्टि	बहरे और कम सुनने वाले	लोको मोटर डिसेबिलिटी	योग		
1	तृतीय श्रेणी	स्टाफ नर्स	01	-	01	-	01	विश्व द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एस.सी. नर्सिंग/जी.एन.एम. परीक्षा उत्तीर्ण संबंधित बोर्ड में रजिस्ट्रीकरण/ 5200-20200+2800	दृष्टिबाधित एवं श्रवण बाधित विकलांगता की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत मान्य होगी।
2	चतुर्थ श्रेणी	वार्ड ब्वॉय/ आया	01	01	-	-	01	माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल अथवा किसी बोर्ड से हाई स्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण, महिला आयुर्वेद स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण कोर्स उत्तीर्ण/ 4440-7440+1300	

विज्ञप्ति (वॉक इन इन्टरव्यू)

आवेदन की शर्तें:-
1. आवेदक का जिला रोजगार कार्यालय में मध्यप्रदेश में किसी भी जिले में जीवित पंजीयन होना आवश्यक है तत्संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. दिव्यांगता के संबंध में प्रस्तुत प्रमाण पत्र गृह जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड/शासन द्वारा मान्य संस्था, द्वारा जारी किया गया निःशक्तता की जीवित प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।
3. उपरोक्त पदों के आवेदन हेतु आवेदक को मध्यप्रदेश शासन का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
4. सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक सी-3-11/2012/1/3 नवम्बर 2012 के अनुसार दिनांक 01.01.2024 की स्थिति में अभ्यर्थियों की आयु न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 45 वर्ष होना चाहिए।
5. सामान्य प्रशासन नियमानुसार ज्ञापन अवधि F-8-3/2013, आ-प्रा/1 भोपाल दिनांक 17.07.2014 के अनुसार चयनोपरांत निःशक्तता प्रमाण पत्रों में परीक्षण संबंधित जिले में जिला बोर्ड से कराया जायेगा। जांच में निशक्त प्रमाणित होने पर ही उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति होगी।
6. पूर्व में सेवारत अन्य विभाग में कार्यरत नियोक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करेंगे।
7. साक्षात्कार के समय सभी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए विधि द्वारा निर्धारित की गई न्यूनतम आयु के पूर्व विवाह कर लिया है तो नियुक्त के लिए पात्र नहीं होगा।
9. जिन आवेदकों के दो से अधिक जीवित संतान है एवं उनमें से 01 संतान का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
10. समस्त प्रमाण पत्रों के फोटोकॉपी जो चाही गई है, उसे स्वयं प्रमाणित/सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित होना अनिवार्य है।
11. वांछित आवश्यक प्रमाण पत्रों के अभाव में जो आवेदन पत्र प्राप्त होने चाहिए यदि नहीं है तो आवेदन पत्र पर विचार नही किया जायेगा।
12. प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्र/प्रमाण पत्रों की नकली या कूटरचित तरीके से आवेदन पत्र में प्रस्तुत किये जाते हैं तथा जांच में दोष सिद्ध होता है तो नियुक्ति तत्काल प्रभाव से स्वमेव समाप्त मानी जावेगी एवं नियमानुसार आवेदक के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।
13. शासन के वर्तमान प्रचलित नियम के अनुसार परिवीक्षा अवधि 03 वर्ष की होगी तदानुसार शासन के द्वारा निर्धारित नियमावली के अनुरूप ही वेतनमान में वेतन दिया जाना प्रारंभ किया जायेगा।
14. शासन के निर्देशानुसार या किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
15. उपरोक्त जानकारी महाविद्यालय के Website-www.gacrewa.org.in में संशोधित जानकारी प्रदर्शित हो रही है उस पर भी प्राप्त की जा सकती है।

(डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ), प्राचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)

संपादकीय

दोबारा मनमानी पर उतरा इजराइल

संघर्ष विराम तोड़ने के बाद इजराइल दुबारा मनमानी पर उतर आया है। उसने ताबड़तोड़ हवाई हमले कर गाजा को फिर से दहला दिया है। इसका खमियाजा उन हजारों फिलिस्तीनी नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है जो शरणार्थी शिविरों, अस्पतालों या धार्मिक स्थलों में शरण लिए हुए हैं। यह दुखद है कि प्रतिशोध की आग में जलता इजराइल, रिहाइशी इलाकों पर भी लगातार हमले कर रहा है, क्योंकि उसका कहना है कि हमास के आतंकवादी घनी आबादी में छिपे हुए हैं। हालांकि वह अच्छी तरह वाकिफ है कि युद्ध के भी कुछ नियम हैं। मगर वह इन्हें मानने को तैयार नहीं है। वह हमास के आतंकवादियों को मार गिराने के लिए लगातार इमारतों, अस्पतालों, विद्यालयों और शरणार्थी शिविरों को निशाना बना रहा है। बीते रविवार को दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े अस्पताल पर हमला कर इजराइल ने स्पष्ट कर दिया कि उसे मानवता से कोई लेना-देना नहीं और न ही वह कोई नियम मानेगा। हैरत की बात है कि इस मनमानी के खिलाफ दुनिया के ज्यादातर देश चुप हैं। अमेरिका ने उसे पहले ही छूट दे रखी है। नतीजा यह कि भोजन-पानी और दवाओं के अभाव में फिलिस्तीनी नागरिक रोज मर रहे हैं। गाजा इस समय अभूतपूर्व मानवीय संकट से गुजर रहा है। वहां कोई मानवीय सहायता भी नहीं पहुंच पा रही है। कई महीने से चल रहे इस युद्ध में अब तक एक लाख से अधिक नागरिक घायल हो चुके हैं। पचास हजार से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। हवाई हमले की चपेट में सबसे ज्यादा बच्चे-महिलाएं और बुजुर्ग आए हैं। गौरतलब है कि पंद्रह हजार से ज्यादा बच्चों की मौत हो चुकी हैं।युद्ध की आग में तप रहे गाजा में जिस तरह मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, वह बेहद शर्मनाक है। मानवाधिकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले ज्यादातर बड़े देश चुप हैं, तो आखिर इसकी वजह क्या है और क्या उन्होंने इजराइल को मनमानी की अनुमति दे दी है? क्षत-विक्षत हो रहे गाजा को पूरी दुनिया देख रही है। युद्ध हमेशा विनाश की ओर ले जाता है। इजराइल आखिर कब तक मनमानी करता रहेगा? प्रतिशोध की भी एक सीमा है।

सांसद सुमन की राज्यसभा में की गई टिप्पणी पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जो लोग आज नहीं बल्कि 1000 वर्षों के भारत के इतिहास की समीक्षा करते हैं, वे बाबर और राणा सांगा की तुलना कभी नहीं कर सकते और उन्हें एक ही तराजू पर नहीं रख सकते। महाराणा सांगा ने आजादी की अलख जगाई थी। उन्होंने भारत को गुलामी से बचाया और साथ ही भारत की संस्कृति को सनातनी बनाए रखने में भी अहम योगदान दिया। कुछ क्षुद्र और छोटे दिल वाले लोग ऐसी बातें करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि ऐसी चर्चाओं की कोई गुंजाइश नहीं है। यह पहला मौका नहीं है जब नेताओं ने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए इस तरह के विवादों को हवा दी है। इससे पहले भी ऐतिहासिक मुद्दों पर देश में दरार डालने के प्रयास होते रहे हैं।

विकास के बजाए विवादित मुद्दे बन गए हैं सत्ता का आसान रास्ता

(योगेंद्र योगी) ।

गौरतलब है कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मंदिर-मस्जिद विवाद पर नेताओं ने जम कर रोटियां सेकी। इस संवेदनशील मुद्दे को लेकर हिंसा में पांच लोग मारे गए। इसके बाद देश के दूसरे हिस्सों में इसी तरह के विवाद पैदा हो गए।बेरोजगारी, गरीबी, अपराध, लिंगभेद, चिकित्सा और आधारभूत जैसी सुविधाओं के समाधान के बजाए देश के नेता इतिहास के गढ़े मुर्दे उखाड़ कर वोट पाने का आसान रास्ता चुन रहे हैं। इसी क्रम में नया विवाद महाराणा सांगा पर दिए गए बयान पर पैदा हुआ है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने राज्यसभा में कहा कि बीजेपी के लोगों का ये तकियाकलाम बन गया है कि इनमें बाबर का डीएनए है। सपा सांसद रामजी लाल ने कहा कि मैं जानना चाहूंगा कि बाबर को आखिर लाया कौन? इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा लाया था। उन्होंने कहा कि मुसलमान अगर बाबर की औलाद हैं तो तुम लोग उस गद्दार राणा सांगा की औलाद हो, ये हिन्दुस्तान में तय हो जाना चाहिए कि बाबर की आलोचना करते हो, लेकिन राणा सांगा की आलोचना नहीं करते?

सांसद सुमन की राज्यसभा में की गई टिप्पणी पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जो लोग आज नहीं बल्कि 1000 वर्षों के भारत के इतिहास की समीक्षा करते हैं, वे बाबर और राणा सांगा की तुलना कभी नहीं कर सकते और उन्हें एक ही तराजू पर नहीं रख सकते। महाराणा सांगा ने आजादी की अलख जगाई थी। उन्होंने भारत को गुलामी से बचाया और साथ ही भारत की संस्कृति को सनातनी बनाए रखने में भी अहम योगदान दिया। कुछ क्षुद्र और छोटे दिल वाले लोग ऐसी बातें करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि ऐसी चर्चाओं की कोई गुंजाइश नहीं है। यह पहला मौका नहीं है जब नेताओं ने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए इस तरह के विवादों को हवा दी है। इससे पहले भी ऐतिहासिक मुद्दों पर देश में दरार डालने के प्रयास होते रहे हैं।

बॉलीवुड के निर्माता-निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत को लेकर भी काफी विवाद हुआ था, जिसमें राजपूत समुदाय ने फिल्म में ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया था। इस विवाद का परिणाम यह निकला कि चित्तौड़गढ़ के किले में स्थित 'पद्मावती' महल में अराजक तत्वों ने उन शीशों को तोड़ दिया, जिनके बारे में कहा जाता है कि दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी ने इन्हीं आईनों के जरिए राजपूत रानी पद्मावती को देखा था। इसी तरह तीन साल पहले बॉलीवुड फिल्म पानीपत से शुरू हुआ विवाद एक टीवी धारावाहिक तक आ पहुंचा। धारावाहिक में खांडेराव होल्कर से पूर्व महाराजा सूरजमल को युद्ध में हारना दिखाया गया। वहीं, इतिहासकारों का दावा है कि पूर्व महाराजा सूरजमल कभी युद्ध नहीं हारे। बल्कि खांडेराव होल्कर की मौत उनके साथ युद्ध में हुई थी। इसको लेकर रूपवास व कुम्हेर थाने में दो अलग-अलग एफआइआर दर्ज कराई गई। मैसूर के राजा रहे टीपू सुल्तान की 10 नवंबर को मनाई जाने वाली जयंती को लेकर भी खूब कलह हुआ है। मैसूर का शेर कहलाने वाले टीपू की जयंती की शुरुआत कांग्रेस के शासन में हुई लेकिन बीजेपी इसका विरोध करती रही।

कर्नाटक में टीपू सुल्तान की जयंती मनाने को लेकर नौबत यहां तक आ गई कि कई शहरों में सुरक्षा को देखते हुए धारा 144 लगाई गई और विरोध प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया गया। भारतीय जनता पार्टी और कुछ हिन्दू संगठनों ने सरकार से मांग की थी कि वह टीपू सुल्तान की जयंती मनाने का कार्यक्रम और उन्हें महिमामंडित करने की योजना रोक दें। बीजेपी की निगाह में टीपू सुल्तान धार्मिक रूप से कट्टर और हिन्दू विरोधी शासक था। भाजपा नेता मीनाक्षी

लेखी ने उत्तर भारत के 9वीं सदी के राजपूत शासक सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें एक गुज्जर बताया। दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) ने जौनपुर गांव में सम्राट मिहिर भोज की एक प्रतिमा भी समर्पित की, जिसमें उन्हें गुज्जर बताया गया। इसका राजपूत समुदाय ने कड़ा विरोध किया। बिहार में गठबंधन से पहले भाजपा ने नीतीश सरकार पर इतिहास के छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। भाजपा ने यहां तक कहा था कि सरकार ने प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह का अपमान किया है। बिहार के पूर्व मंत्री भीम सिंह ने बिहार सरकार खासकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मोहम्मद युनूस को बिहार के प्रथम प्रधानमंत्री बताते हुए उनके जन्म दिवस पर राजकीय जयंती समरोह मनाए जाने को बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह का अपमान बताया था। उन्होंने कहा था कि मुस्लिम तुष्टिकरण के तहत इतिहास के साथ छेडछाड की जा रही है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मंदिर-मस्जिद विवाद पर नेताओं ने जम कर रोटियां सेकी। इस संवेदनशील मुद्दे को लेकर हिंसा में पांच लोग मारे गए। इसके बाद देश के दूसरे हिस्सों में इसी तरह के विवाद पैदा हो गए। अजमेर में दरगाह में हिंदू मंदिर का दावा करते स्थानीय अदालत में मामला दायर किया गया। इसी तरह देश के दूसरे हिस्सों में भी मस्जिदों में मंदिर होने को लेकर अदालतों में मामले दायर किए गए। नेताओं ने तभी पैर पीछे खींचे जब सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे विवादों पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जब तक पूजा स्थल अधिनियम की वैधता पर फैसला नहीं हो जाता, तब तक देश में मंदिर-मस्जिद विवादों से जुड़े नए मुकदमे दर्ज नहीं किए जा सकते, और न ही कोई चल रहा मामला सर्वेक्षण या अंतिम आदेश के साथ आगे बढ़ सकता है।

यह विवाद पूरी तरह थमा भी नहीं कि महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद पैदा हो गया। इस पर भाजपा और विपक्षी दलों ने आरोप-प्रत्यारोप लगा कर देश का माहौल गर्माने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ी। इसका परिणाम यह हुआ कि नागपुर में हिंसा भड़क उठी। इसमें कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा। आम लोगों को कर्फ्यू के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ऐसे विवादों की चपेट में अक्सर देश का मजदूर, गरीब और कामकाजी वर्ग आता है। इन विवादों की जड़ में आसान सत्ता की राजनीति की चाहत है। दरअसल नेताओं को पता है कि देश की बुनियादी समस्याओं का समाधान आसान नहीं है, जबकि ऐसे विवादों के जरिए लोगों को बरगला लाकर सत्ता आसानी से प्राप्त की जा सकती है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

हमारे देश के राजनेताओं में दिन-प्रतिदिन नैतिकता कम होती जा रही है। कई बड़े नेता आए दिन विवादास्पद बयान देखकर चर्चाओं में बने रहते हैं। वहीं बहुत से निर्वाचित विधायकों, सांसदों, मंत्रियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर अपराधिक मामले दर्ज हो रहें हैं। जिससे राजनीति के क्षेत्र में काम करने वालों की छवि खराब होती जा रही है। देश की राजनीति में आज अपराध का इतना घालमेल हो गया है कि पता ही नहीं चलता कि कौन सा जनप्रतिनिधि अपराधी है और किसकी छवि स्वच्छ है। अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के नेता बनने से जहां राजनीतिक दागदार हुई है। वहीं नेताओं की जनता की दूरी भी बढ़ने लगी है।

कैसे रूक पायेगा राजनीति में बढ़ता अपराधीकरण

(रमेश सर्राफ धमोरा)

उक्त रिपोर्ट से पता चला कि 1861 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इसमें 1205 पर हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं।

हमारे देश के राजनेताओं में दिन-प्रतिदिन नैतिकता कम होती जा रही है। कई बड़े नेता आए दिन विवादास्पद बयान देखकर चर्चाओं में बने रहते हैं। वहीं बहुत से निर्वाचित विधायकों, सांसदों, मंत्रियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर अपराधिक मामले दर्ज हो रहें हैं। जिससे राजनीति के क्षेत्र में काम करने वालों की छवि खराब होती जा रही है। देश की राजनीति में आज अपराध का इतना घालमेल हो गया है कि पता ही नहीं चलता कि कौन सा जनप्रतिनिधि अपराधी है और किसकी छवि स्वच्छ है। अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के नेता बनने से जहां राजनीतिक दागदार हुई है। वहीं नेताओं की जनता की दूरी भी बढ़ने लगी है। मौजूदा समय में राजनीतिक व्यवसाय बन चुकी है। राजनीति में वही लोग सफल होते हैं जो या तो बड़े नेताओं के परिवार से है या फिर बहुत पैसे वाले हैं। राजनीति के क्षेत्र में अब सेवा, संगठन, वफादार कार्यकर्ताओं का कोई महत्व नहीं रह गया है। राजनीति पूरी तरह पैसों की चकाचौंध में लिप्त हो गई है।

एक समय था जब धरातल पर काम करने वाला

पार्टी कार्यकर्ता आगे चलकर जनप्रतिनिधि बनता था। जमीन से उठकर आगे आने वाला नेता आम जनता से जुड़ा रहता था और वह जनता के सुख-दुख से वाकिफ भी होता था। इसलिए वह आमजन के हित में काम करता था। मगर अब लोग पैसे के बल पर पैराशूट से उतरकर राजनीति करने लगे हैं। वह पैसे के बल पर ही चुनाव जीत जाते हैं। इसलिए उन्हें आमजन की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रहता है। ऐसे नेता पांच सितारा संस्कृति के वाहक होते हैं। ऐसे नेता राजनीति में आने के लिए पहले खूब पैसा खर्च करते हैं और जब किसी पद पर पहुंच जाते हैं तो जमकर भ्रष्टाचार कर पैसा कमाते हैं। ऐसे लोगों के कारण ही आज राजनीति समाज सेवा की बजाय व्यवसाय बन गई है।

1971 के लोकसभा चुनाव में झुंझुनू सीट पर देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल को मैंने 1998 से 2003 में विधायक के रूप में देखा है। वह अपने क्षेत्र से जयपुर जाते या अपने घर से विधानसभा जाते हमेशा सरकारी बस का ही उपयोग करते थे। कभी निजी गाड़ियों से नहीं घूमते थे। इसी के चलते उन्होंने राजनीति में 50 साल लंबी पारी खेली थी। वह ईमानदार थे इसीलिए ईमानदारी से रहते थे। आज हम देखते हैं कि राजनीतिक दलों के छोटे-छोटे कार्यकर्ता भी कई लाख रूपयों की महंगी गाड़ियों में घूमते हैं। पार्टी का कोई नेता उनसे यह नहीं पूछता है कि इतनी महंगी गाड़ियां खरीदने के लिए पैसे कहां से आता है। सबको पता है की राजनीति में आज छूट-भैया नेता भी सत्ता की दलाली में पैसा कमा रहे हैं। दलाली के पैसों में बड़े नेताओं का भी हिस्सा होता है। इसीलिए उनकी तरफ कोई अंगुली नहीं उठाता हैं।

चुनाव सुधार पर काम करने वाली एक गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट में सामने आया है कि देश के 45 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संगठन ने देश के 28 राज्यों और विधानसभा वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 4123 विधायकों में से 4092 के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण किया है। जिसमें आंध्र प्रदेश के सबसे ज्यादा 174 में से 138 यानी 79 प्रतिशत विधायकों ने जबकि सिक्किम में सबसे कम 32 में से सिर्फ एक विधायक 3 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तेलुगु देशम पार्टी के सबसे ज्यादा 134 विधायकों में से 115 यानि 86 प्रतिशत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उक्त रिपोर्ट से पता चला कि 1861 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इसमें 1205 पर हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं।

वर्ग पहेली 5684

1	2		3		■	4	5
6		■		■	7		
8			■	9			■
		■	10		■	11	12
■	13	14		■	15		
16	■	17			■	■	
18				■	19	20	
	■	21			■	22	

संकेतः बाएं से दाएं
1. 1876 को इस रचेता ने बंगाल के कांतल पाड़ा नामक गांव में वंदेमातरम् गीत की रचना की थी (सिर्फ नाम)(5)
4. यह मध्यप्रशांत महासागर में एक छोटा सा द्वीप है जिसकी राजधानी यारेन है (2)
6. इस्लाम धर्म को यह भी कहते है, दयनीय, निर्धन (2)
7. प्रकार, जेवर, गहना (3)
8. एक बहुलद्वीपीय राज्य इंडोनेशिया की राजधानी (3)
9. जून 1990 में यह देश सोवियत सेना से स्वतंत्र हो गया इसकी राजधानी बुडापेस्ट है (3)
10. दो अंक की सबसे छोटी संख्या (2)
11. राष्ट्र देश, मुल्क (3)
13. खोजबीन, ढूंढ-ढांढ (3)
15. आश्रय, शरण-छत्रछाया (3)
17. माता का वह दुलार जो उसकी संतान पर होता है (3)
18. दीर्घकाल, सुदुर भूतकाल (4)
19. आखेट, मिथुन चक्रवर्ती अभिनीत पहली फिल्म (1976) (3)
21. नूतन, नया, नवीन (3)
22. धन-संपत्ति, स्वर्ण (2)

(ऊपर से नीचे
1. विजित दास, अवबोधक स्वस्तिकार (4)
2. अन्न का टूटा हुआ दाना, कणी (3)
3. नेत्र, आंख, नयन (2)
4. नियुक्त करना, पदस्थ करना, भर्ती करना (5)
5. कमरा को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
7. रक्तवाहिनी नलिका, नस (2)
9. एक प्रकार का जलपक्षी (2)
10. गणित में इकाई का कम से कम मान (5)
12. प्रसिद्ध शायर अखलाक मुहम्मद खान का तखल्लुस या उपनाम (निधन 2012)(5)
14. आवासहीन, बेघरबार, आश्रयहीन (4)
16. हिंदी व बांग्ला फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री (3)
20. हाथी, लंबाई की एक प्राचीन नाम (2)

वर्ग पहेली 5683 का हल

अ	मे	रि	का	■	सं	ता	न
मा	ल	वा	■	न	वा	ज	■
व	■	ज	हां	गी	र	■	अ
स्था	ह	■	■	ना	ना	रू	प
■	की	क	ट	■	■	प	ना
■	क	न	क	■	म	ही	प
जा	त	■	■	■	म	न	न
मा	न	■	ज	न	ता	■	■

मातृ मृत्यु दर कम करने की जंग- कहां तक पहुंचा भारत?

(जयसिंह रावत)

मातृ मृत्यु का अर्थ है गर्भावस्था के दौरान या गर्भावस्था समाप्त होने के 42 दिनों के भीतर महिला की मृत्यु। भारत में मातृ मृत्यु का अनुमान नमूना पंजीकरण प्रणाली (एस आर एस) से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर लगाया जाता है।

पिछले दो दशकों में, भारत ने मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में उल्लेखनीय कमी दर्ज की है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं, संस्थागत प्रसव में वृद्धि, और व्यापक सामाजिक सुधारों के कारण मातृ मृत्यु दर में गिरावट आई है। इसके बावजूद, देश के विभिन्न क्षेत्रों में मातृ मृत्यु दर में असमानता बनी हुई है और भारत अभी भी अंतरराष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने से कुछ दूरी पर है।

महिलाओं में मृत्यु के प्रमुख कारणों में मातृ मृत्यु दर एक महत्वपूर्ण कारण बनी हुई है। 2020 में, 15-29 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं की कुल मृत्यु में से लगभग 7 प्रतिशत मौतें मातृ मृत्यु से जुड़ी थीं।

मातृ मृत्यु का अर्थ है गर्भावस्था के दौरान या गर्भावस्था समाप्त होने के 42 दिनों के भीतर महिला की मृत्यु। भारत में मातृ मृत्यु का अनुमान नमूना पंजीकरण प्रणाली (एस आर एस) से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर लगाया जाता है। 2018-2020 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति 1,00,000 जीवित जन्मों पर 97 महिलाओं की मृत्यु हुई, जो लगभग 24,000 वार्षिक मौतों के बराबर है। भारत में विभिन्न राज्यों में मातृ मृत्यु दर में बड़ा अंतर है।

केरल में सबसे कम एमएमआर 19 प्रति 1,00,000 जीवित जन्मों पर दर्ज किया गया, जो अमेरिका (21) से भी बेहतर है। वहीं, असम, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में एमएमआर सबसे अधिक दर्ज किया गया। ये राज्य स्वास्थ्य सेवाओं की सीमित पहुंच और बुनियादी ढांचे की समस्याओं से जूझ रहे हैं।

सार्वजनिक रूप से उपलब्ध एसआरएस डेटा मातृ मृत्यु के कारणों पर जानकारी प्रदान नहीं करता है। हालांकि, 2007 से 2014 के बीच किए गए 'मिलियन डेथ स्टडी ' में 'वर्बल ऑटोप्सी' पद्धति का उपयोग करके मृत्यु के कारणों को समझने का प्रयास किया गया। 2021 के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में मातृ मृत्यु का प्रमुख कारण ऑब्स्टेट्रिक हैमरेज (गर्भावस्था, प्रसव या प्रसव के तुरंत बाद अत्यधिक रक्तस्राव) है।

यह समस्या पूरे देश में महिलाओं को प्रभावित करती है, लेकिन बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे गरीब राज्यों में विशेष रूप से गंभीर है। 2007 से 2014 के बीच इन क्षेत्रों में आधे से अधिक मातृ मृत्यु हैमरेज के कारण हुई, क्योंकि देरी से निदान और अपर्याप्त उपचार अक्सर घातक साबित हुआ। वहीं, केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे समृद्ध राज्यों में गर्भावस्था से जुड़ी उच्च रक्तचाप की बीमारियां (प्री-एक्लेम्पसिया और एक्लेम्पसिया) एक गंभीर खतरे के रूप में उभरी हैं।

पिछले कुछ वर्षों में भारत ने मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) को कम करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। 2014-16 में प्रति 1,00,000 जीवित जन्मों पर 130 मातृ मृत्यु दर्ज की गई थी, जो 2018-20 में घटकर 97 रह गई।

कुछ राज्यों ने सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के तहत 70 से कम एमएमआर प्राप्त कर लिया है, जिनमें केरल, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, झारखंड, गुजरात और कर्नाटक शामिल हैं। हालांकि, अन्य राज्यों में अब भी उच्च मातृ मृत्यु दर बनी हुई है, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और बिहार जैसे राज्यों में।

आज का राशिफल

मेष

आज लाभ और तरक्की के योग हैं। आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी और कारोबार में तरक्की होने के योग हैं और आपका दिन जरूरी कार्य निपटाने में बीतेगा। कारोबार में प्रगति से आपको काफी हर्ष होगा। वैवाहिक जीवन भी आनन्ददायक बीतेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा महसूस होगा।

वृष

आज करियर में सफलता प्राप्त होगी और आपके सम्मान में वृद्धि के योग हैं। परिवार के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा और कहीं जरूरी काम से आपको बाहर भी जाना पड़ सकता है। किसी बहुप्रतिक्षित शुभ परिणाम से भी हर्ष होगा। रात्रि का समय आनंद में बीतेगा और आपके सुख में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी।

मिथुन

आज सफलता का दिन है और आपको किस्मत का साथ मिलने से हर कार्य सरलता से पूर्ण हो जाएगा। आपके सम्मान में वृद्धि होगी। जो भी काम आप करेंगे सरलता बन जाएगा। व्यर्थ के कार्य में समय बर्बाद न करें। खर्च में कटौती करना बहुत आवश्यक है।

कर्क

आज करियर में सफलता प्राप्त होगी और आपकी आमदनी में इजाफा होगा। सर्वत्र विजय, विभूति और सफलता की प्राप्ति होगी। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल गिरेगा। दूसरों की मदद करने से सकून मिलेगा। शाम का वक्त आपके लिए आराम वाला होगा।

सिंह

आज लाभ होगा और आपको हर प्रकार की सुविधा और सांसारिक सुख भोग की प्राप्ति होगी। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और आपके लिए भाग्य विकास का शुभ योग बन रहा है। नई खोजों में आपकी रुचि बढ़ेगी और कारोबार में धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

कन्या

आज करियर में सफलता के योग बन रहे हैं। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और कारोबार में आपको किस्मत का साथ मिलेगा। आप चिंतित रहेंगे। काम का भार भी आज कुछ ज्यादा अनुभव करेंगे। जूनियर्स से काम निकालने के लिए प्यार से काम निकालना होगा।

तुला

आज करियर के मामले में दिन मिलाजुला रहेगा और आपके धन सम्मान में वृद्धि के योग हैं। आपका दिन शुभ होगा और कारोबार में तरक्की हासिल होगी। किसी भी मामले में फैसला जल्दबाजी में न करें। अगर आपके घर में धन से जुड़ी बातों को लेकर कहासुनी हो तो उसे टालने का प्रयास करें। वरना आपको नुकसान हो सकता है।

वृश्चिक

आज सफलता प्राप्त होगी और आपके कारोबार में धन से जुड़ी सभी योजनाएं सफल होंगी। आपकी अपने साथियों के बीच लोकप्रियता बढ़ेगी और किसी खास व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। किसी राजनयिक से निकटता और दोस्ती होगी और उसके अनुभव का लाभ आपको होगा।

धनु

आज लाभ होगा और आपके विरोधी परास्त होंगे। आपका पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा और आपको हर प्रकार का राजनीतिक सहयोग भी मिलेगा किन्तु वाणी पर संयम रखें। आपको धन के लेनदेन में सावधानी बरतने की सलाह है। शाम से लेकर रात तक आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। आपके आपसी संबंध बेहतर होंगे ।

मकर

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए सम्मान प्राप्ति के योग बन रहे हैं। कोई पुरानी महिला मित्र से अकस्मात् धन लाभ का हर्ष हो सकता है। रोजी-रोजगार की दिशा में भी सफलता मिलेगी। लेकिन अंत में सफलता मिलने से आपको थकान का अनुभव नहीं होगा। यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी, प्रियजनों से भेंट संभव है।

कुंभ

आज करियर में सफलता मिलने के योग हैं। आपको बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी। संतान पक्ष से हर्ष और लक्ष्मी की बड़ी मात्रा में प्राप्ति से कोष में वृद्धि होगी। अपनी उत्तम कार्यशैली व मृदु व्यवहार से आपके तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। आपको लाभ मिलेगा। पास और दूर की यात्रा करने का सुखद संयोग आपके लिए बन रहा है।

मीन

आज धन में वृद्धि के योग हैं और आपको हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा। आपकी कार्ययोजनाएं सफल होंगी और आपके धन में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा। सुबह से ही भागदौड़ रहेगी। किसी मंगलमय या धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेंगे। पिता व उच्चाधिकारियों से शाबाशी मिल सकती है।

संक्षिप्त समाचार

राजस्थान सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध: शर्मा

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी जेलों को मजबूत एवं आधुनिक बनाने के लिए जेल विभाग को आवश्यकता अनुरूप सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बृहस्पतिवार को गृह विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। यह बैठक जयपुर केन्द्रीय कारागार में बंद बदमाशों द्वारा उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को जान से मारने की धमकी दिए जाने के बाद आयोजित की गई। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। शर्मा ने जेल विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए कि जेल परिसर में अपराधियों द्वारा मोबाइल फोन इस्तेमाल की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करते हुए प्रदेश की सभी जेलों में पुलिस और मजिस्ट्रेट द्वारा नियमित एवं औचक तलाशी अभियान संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि जेलों में अवांछित सामग्री मिलने पर संबंधित जेल प्रशासन के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

हिंदू नववर्ष मनाएगी दिल्ली सरकार, नवरात्रि के दौरान फलाहार पार्टी के आयोजन की घोषणा

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सरकार ने पहली बार हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर के लिए एक भव्य समारोह की घोषणा की है, जिसमें नवरात्रि के दौरान बड़े पैमाने पर फलाहार पार्टी समेत कई सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह की शुरुआत 30 मार्च को दिल्ली विधानसभा में एक कार्यक्रम के साथ होगी। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता होंगी, जबकि कला एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा भी मौजूद रहेंगे। कई मंत्रियों और विधायकों के भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है।

कर्नाटक को तुष्टिकरण की राजनीति की प्रयोगशाला बना रही कांग्रेस: केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर सार्वजनिक ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान करके कर्नाटक को तुष्टिकरण की राजनीति की प्रयोगशाला बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक किसी विशेष धर्म के खिलाफ नहीं है। जोशी ने यहां 'टाइम्स नाउ समिट' में कांग्रेस पर यह झूठा विमर्श गढ़ने का आरोप लगाया कि वक्फ संशोधन विधेयक मुस्लिम समुदाय के खिलाफ है। मंत्री ने कहा कि वह किसी को भी कोई सुविधा देने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन धर्म के नाम पर आरक्षण देना स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, आप (सार्वजनिक) ठेकों में केवल एक विशेष धर्म को चार प्रतिशत आरक्षण कैसे दे सकते हैं? उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी कानूनी रूप से इसका मुकाबला करेगी।

आनंदीबेन पटेल ने युवाओं से किया स्वरोजगार पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह

गोंडा, एजेंसी। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बृहस्पतिवार को युवाओं से सरकारी नौकरियों के पीछे भागने के बजाय स्वरोजगार पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। राज्यपाल ने गोंडा के अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान देवी बख्श सिंह स्वायत्त मेडिकल कॉलेज में एक सभा को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने 200 श्रमिकों को आंगनवाड़ी संसाधन किट, दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल और सहायक उपकरण, पात्र लाभार्थियों को भूमि के कागजात और महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित कीं। उन्होंने मेडिकल छात्रों को स्वच्छता किट और पोषण पैकेज भी प्रदान किये और विभिन्न विभागीय प्रदर्शनियों का निरीक्षण किया। पटेल ने स्वरोजगार को प्रोत्साहित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि आज के परिदृश्य में नौकरी हासिल करना मुश्किल है। युवाओं को सरकारी सहायता से अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने बताया कि योगी सरकार के युवा उद्यमी कार्यक्रम के तहत युवा उद्यमियों को पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है। पटेल ने इसके लिए अयोध्या की एक युवती का जिक्र किया जिसने सिद्धार्थनगर में पढ़ाई की और बाद में चाय का कारोबार शुरू किया जो धीरे-धीरे कभी फैल गया और इससे तीन अन्य लोगों को भी रोजगार मिला। सोशल मीडिया रील के प्रति बढ़ते जुनून पर चिंता जताते हुए उन्होंने युवाओं को इस तरह की चीजों पर अपना समय बर्बाद न करने की सलाह दी। राज्यपाल ने कहा, सोशल मीडिया और बुरी संगति आपके भविष्य को बर्बाद कर सकती है। माता-पिता को अपने बच्चों में अच्छे संस्कार डालने चाहिए। पटेल ने मेरठ में हाल ही में हुए साहिल-मुस्कान मामले पर भी टिप्पणी की और इसे समाज के लिए चेतावनी का संकेत बताया। मेरठ में मुस्कान नामक महिला ने अपने प्रेमी साहिल की मदद से अपने पति सौरभ की हत्या कर दी थी। राज्यपाल ने मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने माता-पिता से अपने बच्चों पर नजर रखने और उनका मार्गदर्शन करने का आग्रह किया।

स्टालिन के नक्शे कदम पर एक और सीएम, परिसीमन के खिलाफ असेंबली में पारित कराया प्रस्ताव

हैदराबाद, एजेंसी। तमिलनाडु के पड़ोसी राज्य तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रवंत रेड्डी ने भी परिसीमन के मुद्दे पर छ्रब्ध चीफ और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की राह पकड़ ली है। तेलंगाना विधानसभा ने बृहस्पतिवार को एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें कहा गया है कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिए जनसंख्या को एकमात्र पैमाना नहीं बनाया जाना चाहिए। प्रस्ताव पेश करने वाले मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दावा किया कि यदि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन किया जाता है तो लोकसभा की सीट संख्या में दक्षिणी राज्यों का प्रतिनिधित्व 24 प्रतिशत से घटकर 19 प्रतिशत रह जाने की आशंका है। उन्होंने (भाजपा) का नाम लिए बगैर आरोप लगाया कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी लोकसभा में दक्षिणी राज्यों का प्रतिनिधित्व कम करके केंद्र सरकार के गठन में उन्हें अप्रासंगिक बनाने की स्थिति पैदा करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने तेलंगाना के सभी दलों से राज्य के हितों की रक्षा के लिए केंद्र से मिलकर बात करने की अपील की। ??उन्होंने कहा, ''अगर केंद्र (हमारे मुद्दे पर) एकमत है तो ठीक है, अन्यथा हमें संघर्ष करना होगा।'' तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष जी. प्रसाद कुमार ने प्रस्ताव पारित होने की घोषणा की।

प्रस्ताव में क्या कहा गया है : इस प्रस्ताव में कहा गया है, यह सदन इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त करता है कि हितधारकों के साथ पारदर्शी परामर्श किए

बिना ही आसन्न परिसीमन की योजना बनाई जा रही है। निष्पक्ष और समावेशी दृष्टिकोण का आह्वान करते हुए प्रस्ताव में इस बात पर जोर दिया गया कि किसी भी परिसीमन प्रक्रिया में न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्य सरकारों, राजनीतिक दलों और हितधारकों को शामिल किया जाना चाहिए प्रस्ताव में इस बात पर जोर देते हुए कहा गया है, सदन आग्रह करता है कि किसी भी परिसीमन अभ्यास को पारदर्शी तरीके से और सभी राज्य सरकारों, सभी राजनीतिक दलों और सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद किया जाना चाहिए। इसमें एक प्रमुख तर्क यह उठाया गया कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण उपायों को प्रभावी ढंग से लागू किया है, उन्हें कम जनसंख्या हिस्सेदारी के कारण प्रतिनिधित्व में कमी का सामना नहीं करना चाहिए। 42वें, 84वें और 87वें संविधान संशोधनों की भी चर्चा प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि 42वें, 84वें और 87वें संविधान संशोधनों की मंशा और उद्देश्य राष्ट्रीय जनसंख्या स्थिरीकरण था,लेकिन वह अभी तक पूरी तरह साकार नहीं हो पाई है। वैकल्पिक दृष्टिकोण के रूप में प्रस्ताव में सुझाव दिया गया है कि संसदीय सीटों की संख्या को यथावत रखते हुए अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए उनके लिए निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं को फिर से बनाया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, सदन ने आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 और नवीनतम जनगणना के आंकड़ों के अनुसार तेलंगाना राज्य विधानसभा में सीटों की संख्या 119 से बढ़ाकर 153 करने का भी आह्वान किया है। बता दें कि तमिलनाडु विधानसभा ने पिछले महीने ही एक राष्ट्र, एक चुनाव और 2026 के प्रस्तावित परिसीमन के खिलाफ सर्वसम्मति से दो प्रस्ताव पास किए हैं। तमिलनाडु विधानसभा के प्रस्ताव में कहा गया है कि अपरिहार्य कारणों से अगर जनसंख्या के आधार पर सीटों की संख्या बढ़ाई जाती है, तो इसे 1971 की जनसंख्या के आधार पर किया जाना चाहिए।

केजरीवाल सरकार ने 20 हजार बनाने का किया था दावा, 7 हजार ही क्लासरूम निकले: आशीष सूद : नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के दौरान स्कूलों में हुए कामकाज को लेकर विधानसभा में आंकड़ों के साथ बड़ा प्रहार किया। बजट पर चर्चा के दौरान आशीष सूद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार के दौरान दिल्ली में 20 हजार क्लासरूम बनाने के दावे किए गए, लेकिन असल में ये 7 हजार ही निकले। उन्होंने कहा कि टॉयलेट, स्टोर रूम आदि को भी क्लास के रूप में गिन लिए गए थे। मंत्री ने कहा कि शिक्षा क्रांति और सपनों का स्कूल बनाने वालों ने टॉयलेट और स्टोररूम की भी गिनती क्लासरूम में ही की है। मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पीडब्ल्यूडी के इस चलन को बंद कर देगी कि कॉरिडोर, बाथरूम, स्टोररूम सबको कमरों के रूम में गिन दो। 20,000 कमरे जो आप दिखाते हैं समकक्ष कमरों के रूप में, शिक्षा क्रांति के रूप में, उसमें से केवल 7 हजार क्लासरूम हैं। सूद ने कहा, एक दिन तुम्हारे कर्म तुमसे मिलने आएंगे, बस तुम उस दिन हैरान मत होना।

जिस मंदिर में कन्हैया कुमार ने किया था दौरा, लोगों ने उसे गंगाजल से किया स्वच्छ

सहरसा, एजेंसी। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार बिहार के सहरसा में एक दुर्गा मंदिर में पहुंचे थे। कन्हैया कुमार के

मंदिर से जाने के बाद कुछ युवाओं ने गंगाजल से इस मंदिर के आंगन को धोया और इसे स्वच्छ किया है। कन्हैया कुमार 25 मार्च की रात को बनगांव पहुंचे थे। पलायन रोको-नौकरी दो पदयात्रा के दौरान उन्होने दुर्गा मंदिर में एक सभा को संबोधित किया था। इस यात्रा का पहला चरण 16 मार्च को पश्चिमी चंपारण से शुरू हुआ है और इस अभियान की समाप्ति 31 मार्च को किशनगंज में होगी। इसके बाद कुछ स्थानीय युवक 26 मार्च को उस जगह पहुंचे जहां कन्हैया ने भाषण दिया था। इस जगह को लोगों ने गंगाजल से धोया। युवकों का कहना है कि देश द्रोह का आरोप झेल चुके कन्हैया कुमार का विवादित बयान आज भी सभी को याद है। बता दें कि मंगलवार की देर रात बनगांव के भगवती स्थान पर स्थानीय लोगों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कन्हैया कुमार का पारंपरिक पाग, चादर व माला पहनाकर स्वागत किया था। इसके बाद अगले दिन युवकों ने इस जगह को गंगाजल से धोया। इस मामले पर अब विवाद हो गया है। कांग्रेस का कहना है कि बीजेपी के अलावा अन्य पार्टियों के समर्थकों को अब अछूत माना जा रहा है। वहीं बीजेपी ने कहा कि इस घटना से पता चलता है कि कन्हैया कुमार की राजनीति को लोग एक्सेप्ट नहीं कर रहे है। इंडियन एक्सप्रेस को दिए बयान में कांग्रेस प्रवक्ता ज्ञान रंजन गुप्ता ने कहा कि हम ये जानना चाहते हैं कि क्या अब सिर्फ आरएसएस और बीजेपी समर्थक ही धार्मिक मानें जाएंगे। अन्य लोगों को अछूता करार दिया जाएगा। ये घटना ऐसी है जिससे भगवान परशुराम के वंशजों का अपमान हुआ है। अब नए दौर में पहुंच चुके हैं जहां गैर बीजेपी दलों व समर्थकों को अछूत माना जा रहा है। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने इस मामले पर कोई बयान देने से इनकार किया है।

यदि मस्जिद में जगह कम पड़ी तो सड़क पर भी नमाज होगी: असदुद्दीन ओवैसी

नई दिल्ली, एजेंसी। ईद की नमाज को लेकर एक बार फिर नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। दिल्ली में भाजपा के कुछ नेताओं की ओर से सड़क पर नमाज के खिलाफ की गई बयानबाजी के बाद अब असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम भी कूद पड़ी है। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शोएब जमई ने कहा कि यह संभल या मेरठ नहीं बल्कि सबकी दिल्ली है और यदि मस्जिद में जगह कम पड़ी तो सड़क पर भी नमाज होगी। उन्होंने इसके लिए कांवड़ यात्रा की भी दलील दी है। शोएब ने एक्स पर लिखा, भाजपा के कुछ बड़बोले नेता दिल्ली में ईद की नमाज को लेकर गलत बयानबाजी कर रहे हैं। उनको मालूम होना चाहिए कि यह संभल या मेरठ नहीं दिल्ली है, हां सबकी दिल्ली। यहां ईद की नमाज भी होगी और अगर मस्जिद में जगह कम पड़ जाए तो सड़क पर भी होगी। ईदगाहों और अपने घर के छत पर भी होगी। सड़क पर नमाज से लोगों को होने वाली परेशानी की दलीलों के काट में जमई ने कांवड़ यात्रा का जिक्र किया और कहा, कावड़ यात्रा के दौरान मुख्य सड़क को कई घंटे के लिए बंद किया जा सकता है तो नमाज के दौरान 15 मिनट के लिए भी किया जा सकता है।

केदारनाथ यात्रा पुराने पैदल मार्ग से कराने की तैयारी तेज

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड में साल 2013 की केदारनाथ आपदा के दौरान जो पैदल मार्ग पूरी तरह से बह गया था, उसे एक बार फिर तैयार किया जा रहा है. बड़ी बात यह है कि इस बार चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद केदारनाथ में इसी पुराने पैदल मार्ग पर यात्रा को सुचारू करने की योजना है. दरअसल यह मार्ग न केवल श्रद्धालुओं के लिए ज्यादा सुरक्षित है, बल्कि छोटा होने के कारण सुगम भी है. शायद यही कारण है कि लोक निर्माण विभाग इस मार्ग को जल्द से जल्द दुरुस्त करने की कोशिशों में जुटा हुआ है.

पैदल मार्ग को किया जा रहा दुरुस्त: लोक निर्माण विभाग केदारनाथ में पैदल मार्ग पर तेजी से काम करता दिख रहा है. हालांकि यह काम इतना आसान नहीं है. लेकिन बावजूद इसके चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले ही पुराने पैदल मार्ग को व्यवस्थित करने के प्रयास हो रहे हैं.माना जा रहा है कि इस साल पुराने पैदल मार्ग से ही यात्रा को सुव्यवस्थित करने का प्रयास है और इसलिए मार्ग को बेहतर करने के लिए दिन-रात काम किया जा रहा है. उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शुरुआत 30 अप्रैल से होने जा रही है, लिहाजा इससे पहले ही पुराने पैदल मार्ग को तैयार किया जाना है.

चुनौती खड़ी कर रही भारी बर्फबारी और कठोर चट्टानें: उत्तराखंड लोक निर्माण विभाग वैसे तो काफी पहले से ही इस पुराने मार्ग पर सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद काम शुरू कर चुका है. लेकिन उच्च पर्वतीय क्षेत्र होने के कारण ऐसी कई चुनौतियां हैं जो इस पैदल मार्ग को बनाने में आ रही है. इसमें सबसे बड़ी चुनौती यहां पर भारी बर्फबारी होना भी है. दरअसल इस क्षेत्र में सर्दियों के समय भारी बर्फबारी होती है और ऐसे में यहां काम कर

पाना मुमकिन नहीं हो पाता. लेकिन इसके बावजूद समय पर काम पूरा करने के लिए बर्फ को हटाने के साथ पैदल मार्ग को बनाने का काम किया जा रहा है.

मार्ग के लिए मशीनों का उपयोग: इस दौरान बर्फ हटाने में भी काफी समय लग रहा है और यही लोक निर्माण विभाग के सामने सबसे बड़ी समस्या है. दूसरी बड़ी समस्या इस पैदल मार्ग पर कठोर चट्टानों का होना है. पैदल मार्ग भले ही पूर्व में भी रहा है, लेकिन इस मार्ग पर कठोर चट्टानें मौजूद हैं. जिसे काटकर इस मार्ग को तैयार किया जाना है. हालांकि इसके लिए चट्टान काटने वाली मशीनों का भी उपयोग किया जा रहा है और जल्द से जल्द काम को पूरा करने के लिए नई तकनीक की भी मदद ली जा रही है.

सुगम और सुरक्षित होगी नए पैदल मार्ग पर यात्रा: केदारनाथ यात्रा के दौरान पुराना पैदल मार्ग सुरक्षित और सुगम भी माना जाता है. माना जा रहा है कि पुराने पैदल मार्ग के बनने से केदारनाथ तक पहुंचने की दूरी करीब 3 से 4 किलोमीटर तक कम हो जाएगी. यानी पहले के मुकाबले इस पैदल मार्ग पर यात्रा को सुगम किया जा सकेगा. इसी तरह इस मार्ग को नए मार्ग के मुकाबले सुरक्षित भी माना जाता है. पर्यावरणीय जानकार कहते हैं कि पुराना मार्ग एवलॉन्च के लिहाज से सुरक्षित है और इस मार्ग पर हिमस्खलन होने की कम संभावनाएं हैं. इतना ही नहीं यह पुराना मार्ग भूस्खलन के मामले में भी काफी सुरक्षित है और यहां पर भूस्खलन जोन की संख्या भी कम है. यह सब स्थितियां हैं जो इस मार्ग को सुरक्षित बनाती है. वहीं जो नया मार्ग बनाया गया था उसमें केदारनाथ से हनुमान नाला तक 7 बड़े एवलांच संभावित क्षेत्र हैं, जबकि इसके आगे भीमबली तक 5 बड़े एवलांच संभावित क्षेत्र हैं. जिसके कारण पुराने मार्ग पर यात्रा ज्यादा बेहतर है।

गाजियाबाद में पेपर मिल का बॉयलर फटने से तीन मजदूरों की मौत, एक घायल

नई दिल्ली/गाजियाबाद, एजेंसी। गाजियाबाद के मोदीनगर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है. मोदीनगर के भोजपुर थाना क्षेत्र स्थित पेपर मिल में बॉयलर फटने से तीन मजदूरों की मौके पर मौत हो गई है. जबकि कई मजदूरों के घायल होने की खबर है. मृतकों में एक व्यक्ति के परिवारवालों ने बताया कि इस कंपनी में 3 साल से उनका भाई काम कर रहा था. कंपनी में सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे. उन्होंने आरोप लगाया है कि कंपनी में गैर कानूनी तरीके से मजदूरों से काम कराया जाता था. मृतकों के परिजनों ने कंपनी मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. ब्लास्ट की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और शवों को कब्जे में लेकर पॉस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है.

कैसे हुआ दर्दनाक हादसा: मिली जानकारी के मुताबिक घटना सुबह करीब 03:40 की बताई जा रही है. घटना को लेकर पेपर मिल के मजदूर लकी ने बताया मजदूर बिना किसी सेफ्टी के काम कर रहे थे. कल देर शाम भट्टी चलनी शुरू

हुई थी जिसके बाद सभी मजदूर अपने काम में लगे हुए थे. बॉयलर के बोल्ट ढीले थे. इसके बारे में कंप्लेंट डाली गई थी. कंप्लेंट पर कोई खास कार्रवाई नहीं की गई. अचानक से बॉयलर फट गया इस दौरान चार मजदूर आसपास मौजूद थे. तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं.

धमाका इतना तेज था मिल की दीवार टूट गई-चश्मदीद: जब बॉयलर फटा तो आसपास कम कर रहे मजदूर करीब 10 मीटर दूर जा गिरे. कई मजदूरों के शरीर के अंग शरीर से अलग हो गए. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. इसके बाद पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई. तुरंत मौके पर अग्निशमन विभाग की गाड़ियां और पुलिस पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया गया. घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हालांकि इस घटना को लेकर अभी तक किसी अधिकारी का औपचारिक बयान सामने नहीं आया है।

अगर हम महाकुंभ में जाते तो वहां वीआईपी व्यवस्थाओं के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी हो सकती थी: रॉबर्ट वाड्रा

नईदिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले में अमेठी के सांसद राहुल गांधी के न जाने के फैसले का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि उनका परिवार धार्मिक आयोजनों का सार्वजनिक प्रदर्शन करने में विश्वास नहीं करता और राहुल गांधी जैसे सांसदों का ऐसे आयोजनों में भाग लेना श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बन सकता था। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में वाड्रा ने कहा, अगर हम महाकुंभ में जाते तो वहां वीआईपी व्यवस्थाओं के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी हो सकती थी। हम कभी भी वहां जा सकते हैं। हम कुछ भी सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए नहीं करते। हमें यह दिखाने की जरूरत नहीं है कि हम कितने सेक्युलर हैं। उन्होंने आगे कहा, मेरा मानना है कि हमें धार्मिक क्रियाओं में सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए भाग नहीं लेना चाहिए और न ही शो ऑफ की राजनीति में शामिल होना चाहिए। इसलिए, मुझे विश्वास है कि राहुल गांधी सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए धार्मिक यात्रा नहीं करते। वे जब चाहें किसी भी पवित्र स्थल पर जा सकते हैं और इसका कोई परेशानी भी नहीं होनी चाहिए। महाकुंभ मेला 45 दिनों का एक धार्मिक आयोजन था। यह उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संपन्न हुआ। यह आयोजन 12 वर्षों के बाद हुआ

और 26 फरवरी को समाप्त हुआ। सरकारी आंकड़े के मुताबिक, 66 करोड़ से अधिक लोगों ने पवित्र पानी में डुबकी लगाई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई बड़े नेता और विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों ने भी स्नान किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को महाकुंभ मेला में न जाने के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। भाजपा नेता अमित मालवीय ने तंज कसते हुए कहा, देश के विभिन्न हिस्सों और दुनिया भर से 66 करोड़ से अधिक लोग इस महान धार्मिक उत्सव में शामिल हुए, लेकिन कांग्रेस के 'वंशज' राहुल गांधी ने महाकुंभ में भाग नहीं लिया।

हरियाणा में ईद की छुट्टी में बड़ा बदलाव, नायब सैनी सरकार ने गजेटेड हॉलीडे की लिस्ट से हटाया

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा सरकार ने अपनी छुट्टियों की सूची में संशोधन करते हुए ईद-उल-फितर को राजपत्रित अवकाश से बदलकर प्रतिबंधित अवकाश कर दिया है। यह निर्णय वित्तीय वर्ष के अंत में होने वाली बंदी का हवाला देते हुए लिया गया। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया कि मुस्लिम समुदाय के लोग अभी भी ईद के दिन छुट्टी ले सकते हैं। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 26 दिसंबर 2024 की अधिसूचना में आंशिक संशोधन किया गया है। संशोधित अधिसूचना में कहा गया है कि 31 मार्च 2025 को मनाई जाने वाली ईद-उल-फितर को राजपत्रित अवकाश के बजाय प्रतिबंधित अवकाश (आरएच) माना जाएगा। यह निर्णय इस तथ्य से प्रभावित था कि 29 और 30 मार्च सप्ताहांत पर पड़ते हैं, और 31 मार्च 2024-25 वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन है। यह निर्देश सभी सरकारी विभागों को भेज दिया गया है।

ईद पर खुले रहेंगे सरकारी कार्यालय : इस निर्णय के बाद, हरियाणा में ईद पर सभी सरकारी कार्यालय खुले रहेंगे। हालांकि, अगर पात्र कर्मचारी त्योहार मनाना चाहते हैं तो वे छुट्टी के लिए आवेदन कर सकते हैं। ईद को राजपत्रित अवकाश सूची

से हटा दिया गया है, लेकिन मुस्लिम कर्मचारी अभी भी इस अवसर पर व्यक्तिगत अवकाश ले सकते हैं।

प्रतिबंधित और राजपत्रित अवकाश के बीच अंतर : प्रतिबंधित अवकाश (आरएच) एक वैकल्पिक अवकाश है जिसे कर्मचारी लेना या न लेना चुन सकते हैं। यह अनिवार्य अवकाश नहीं है और कार्यालय खुले रहते हैं। कर्मचारी व्यक्तिगत या धार्मिक प्राथमिकताओं के आधार पर यह तय कर सकते हैं कि वे छुट्टी लेना चाहते हैं या नहीं। राजपत्रित अवकाश (जीएच) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एक अनिवार्य सार्वजनिक अवकाश है, जिसके दौरान कार्यालय, बैंक और संस्थान बंद रहते हैं। प्रतिबंधित छुट्टियों के विपरीत, राजपत्रित अवकाश बिना किसी अपवाद के सभी कर्मचारियों पर लागू होते हैं।

प्रदेश में पहली बार हुआ ऐसा : सोमवार 31 मार्च को प्रदेश में छुट्टी नहीं होगी। आगामी 31 मार्च को राजपत्रित अवकाश के बजाय अनुसूची-2 के अंतर्गत वैकल्पिक अवकाश घोषित किया गया है। हरियाणा सरकार की तरफ से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। प्रदेश में पहली बार ईद की छुट्टी रद्द कर दी गई है। इसको लेकर हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी अनुराग रस्तोगी की ओर से पत्र जारी किया गया है। इसमें उन्होंने साफ किया है कि इस बार प्रदेश में ईद के दिन सरकारी छुट्टी नहीं रहेगी। सरकार ने इस छुट्टी को वैकल्पिक अवकाश में बदल दिया है।

पहले सरकारी छुट्टी थी ईद : नए साल पर हरियाणा सरकार की ओर से प्रदेश में छुट्टियों का कैलेंडर जारी किया गया था। इसमें इस साल मार्च के महीने में 3 छुट्टियां थी। इसमें 14 मार्च को होली, 23 मार्च की शहीद दिवस और 31 मार्च को ईद-उल-फितर की छुट्टी शामिल थी। वहीं, होली और शहीद दिवस की छुट्टियां बीत चुकी हैं, लेकिन ईद की छुट्टी से पहले से सरकार ने आदेश जारी करके उसे रद्द कर दिया है। सरकार के इस फैसले को प्रशासनिक तौर पर अहम माना जा रहा है। वित्त वर्ष के आखिरी दिन सभी विभागों में बहुत ज्यादा कामकाज होता है।

पैट कमिंस ने IPL में बल्ले से रचा इतिहास

हैदराबाद, एजेंसी। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल 2025 का 7वां मैच कुछ खास नहीं रहा. लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 27 मार्च को उन्हें 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. ये इस सीरीज में एसआरएच टीम की पहली हार थी.

इससे पहले शुरुआती मुकाबले में वह बाजी मारने में कामयाब रही थी. टीम को भले ही हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कप्तान पैट कमिंस ने एक खास लिस्ट में अपनी जगह बना ली. पैट कमिंस ने आईपीएल में एक ऐसा कारनामा किया जो इससे पहले सिर्फ 3 बल्लेबाज कर सके थे. इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी कुछ खास नहीं रही. लेकिन पैट कमिंस ने अपनी बल्लेबाजी से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया. कमिंस ने अपनी पारी की शुरुआती तीन गेंदों पर लगातार तीन छक्के जड़कर आईपीएल में यह कारनामा करने वाले चौथे खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया. उनसे पहले सुनील नरेन, निकोलस पूरन और एमएस धोनी इस अनोखे क्लब का हिस्सा बन चुके हैं.

लेकिन वह इस लिस्ट में शामिल होने वाले पहले गेंदबाज हैं. पैट कमिंस सनराइजर्स हैदराबाद की पारी के दौरान 17वें ओवर में बल्लेबाजी करने उतरे थे. उन्होंने लखनऊ के तेज गेंदबाज शार्दू ठाकुर के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया और पहली ही गेंद पर पॉइंट के ऊपर से शानदार छक्का जड़ा, दूसरी गेंद फुलटॉस थी जिसे उन्होंने सीधे साइटस्क्रीन के पार भेजा. इसके बाद उन्होंने आवेश खास की गेंद पर भी छक्का लगाया और 3 गेंदों पर 18 रन बटोर लिए. हालांकि, अगली ही गेंद पर वह आउट हो गए. उनकी इस छोटी सी पारी ने टीम ने स्कोर में एक अहम योगदान दिया. जिसके चलते स्क्रा 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 190 रन बनाने में कामयाब रही.

टीम के सबसे सफल गेंदबाज भी रहे

पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद को भले ही इस मैच में हार का सामना करना पड़ा. लेकिन वह गेंद से भी अपनी टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे. उन्होंने 3 ओवर में 29 रन खर्च किए और 2 विकेट अपने नाम किए. हालांकि ये प्रदर्शन उनकी टीम की जीत के लिए काफी नहीं था, क्योंकि लखनऊ ने 191 रन के टारगेट को सिर्फ 16.1 ओवर में हासिल कर लिया.

शार्दुल ठाकुर के 100 विकेट पूरे, बोले- जिस दिन नीलामी हुई वो मेरा बुरा दिन था

हैदराबाद, एजेंसी। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए एक बार फिर से शार्दुल ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन किया। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सीजन के पहले मुकाबले में भी उन्होंने अपने पहले ही ओवर में जेक फ्रेजर और अभिषेक पेरोल के विकेट निकाल दिए थे। अब हैदराबाद के खिलाफ भी उन्होंने एक ही ओवर में अभिषेक शर्मा और ईशान किशन का विकेट निकालकर कमाल कर दिया।

यह शार्दुल के चार विकेटों का ही जादू था कि हैदराबाद पहले खेलते हुए 190 रन ही बना पाई। इस मैच के साथ ही शार्दुल ने अपने आईपीएल करियर के 100 विकेट भी पूरे कर लिए। पहली पारी खत्म होने के बद शार्दुल ठाकुर ने कहा कि मुझे लगता है कि क्रिकेट में ये सब होता रहता है। नीलामी के वक्त वह मेरे लिए एक बुरा दिन था जब मुझे किसी भी फ्रैंचाइजी ने नहीं चुना। एलएसजी ने अपने गेंदबाजों की चोटों के कारण सबसे पहले मुझसे संपर्क किया था, इसलिए यह हमेशा से ही संभव था। जहीर खान के रहते मुझे इसे स्वीकार करना पड़ा। क्रिकेट में आपको ऐसी चीजों (उतार-चढ़ाव) से गुजरना पड़ता है।

रोहित की फिटनेस पर युवराज के पिता योगराज सिंह का बयान- मैं उन्हें 20 किमी दौड़ाऊंगा

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने रोहित शर्मा की फिटनेस पर बात करते हुए बताया कि कैसे 38 की उम्र में भी वह उनकी फिटनेस को कैसे बदल सकते हैं। हालांकि इस दौरान उन्होंने रोहित और विराट कोहली की खराब फॉर्म पर उनका बचाव करते भी नजर आए। भारतीय ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने टी20 विश्व कप और इसके बाद अजय रहते हुए हाल ही में चैम्पियंस ट्रॉफी अपने नाम की। वह आईपीएल में भी सबसे सफल कप्तानों में से है और मुंबई इंडियंस ने उनके नेतृत्व में 5 खिताब जीते हैं।

योगराज ने एक पॉडकास्ट में कहा, अगर आप मुझे भारतीय टीम का कोच बनाते हैं, तो मैं इन्हीं खिलाड़ियों का इस्तेमाल करके टीम को ऐसी टीम में बदल दूंगा जो हमेशा अजेय रहेगी। लोग हमेशा उन्हें बाहर करने के लिए तैयार रहते हैं - रोहित शर्मा को बाहर करें या कोहली को बाहर करें - लेकिन क्यों? वे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। मैं उनके साथ अपने बच्चों की तरह व्यवहार करूंगा और उनसे कहूंगा, मैं तुम्हारे साथ हूं। मैं उनसे कहूंगा, चलो रणजी ट्रॉफी खेलते हैं, या मैं रोहित को 20 किमी दौड़ाऊंगा। कोई भी ऐसा नहीं करता। ये खिलाड़ी हीरे हैं। आप उन्हें बाहर नहीं निकाल सकते। मैं उनके पिता की तरह बनूंगा। रोहित इन दिनों आईपीएल में व्यस्त हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने पहले मैच में वह शून्य पर आउट हो गए थे। वहीं अगर उनके आईपीएल रिकॉर्ड की बात करें तो 258 मैचों की 253 इनिंग्स में 29.59 की औसत और 109 रन की हाईएस्ट पारी में कुल 6628 रन बनाए हैं। उन्होंने 43 अर्धशतक और 2 शतक बनाए हैं।

पेगुला ने सेमीफाइनल में इला का स्वप्निल सफर समाप्त किया

मियामी, एजेंसी। जेसिका पेगुला ने शुक्रवार को मियामी ओपन सेमीफाइनल में 7-6(3), 5-7, 6-3 से जीत के साथ फिलीपींस की किशोर वाइल्डकार्ड एलेक्जेंड्रा इला का सिंड्रेला सफर समाप्त कर दिया। मैच की शुरुआत में 5-2 से पिछड़ने के बाद, पेगुला ने शुरुआती सेट को पलट दिया, 5-3 पर इला द्वारा सेट प्वाइंट पर डबल-फॉल्ट करने के बाद महत्वपूर्ण रूप से सर्विस तोड़ दी, जिससे 2 घंटे और 26 मिनट में जीत दर्ज की गई। 140वें स्थान पर काबिज एला, जिनके इस पखवाड़े में जेलेना ओस्टापेंको और मैडिसन कीज तथा नंबर 2 वरीयता प्राप्त इगा स्वीयाटेक पर जीत शामिल है, विंबलडन 2023 में एलिना स्वितोलिना के बाद, एक ही टूर-स्तरीय इवेंट में तीन या अधिक ग्रैंड स्लैम चैंपियन को हराने वाली दूसरी वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी बन गई हैं। 19 वर्षीय खिलाड़ी गुरुवार को स्वीयाटेक पर अपनी बड़ी उलटफेर भरी जीत के बाद टूर-स्तरीय सेमीफाइनल में पहुंचने वाली फिलीपींस की पहली खिलाड़ी भी बन गई थीं। पेगुला का अगला मुकाबला दुनिया की नंबर 1 आर्यना सबालेंका से होगा। अमेरिकी खिलाड़ी को अब सबालेंका के खिलाफ पिछले आठ प्रयासों में केवल तीसरा मैच जीतने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा.



आईपीएल 2025:

पांड्या की वापसी से मुंबई को मिलेगी मजबूती

अहमदाबाद, एजेंसी। कप्तान हार्दिक पंड्या की एक मैच के प्रतिबंध के बाद बहुप्रतीक्षित वापसी शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले मैच में मुंबई इंडियंस की टीम को जरूरी संतुलन प्रदान करेगी। दोनों टीमें मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस आईपीएल सत्र के शुरुआती मैच में हारने के अपने लंबे समय से चले आ रहे मिथक को नहीं तोड़ सकी। चेन्नई ने इस मैच को आसानी से चार विकेट से अपने नाम किया। दूसरी तरफ गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़े स्कोर वाला मैच को 11 रन से गंवा दिया। मुंबई इंडियंस ने पहले और दूसरे मैच के बीच लगभग एक सप्ताह के अंतराल के दौरान रिलायंस की जामनगर स्थित सुविधा में कुछ दिन बिताए। टीम ने यहां आराम करने के साथ आपसी समझ बढ़ाने वाली गतिविधियों पर ध्यान दिया।

टूर्नामेंट अभी अपने शुरुआती दिनों में ही है लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना मुंबई की गेंदबाजी इकाई संघर्ष करते हुए दिखी। इस दौरान पहले मैच में नियमित कप्तान पंड्या की गैरमौजूदगी ने टीम के लिए चीजों को और मुश्किल कर दिया। हार्दिक भारतीय क्रिकेट में मौजूदा समय में इकलौते तेज गेंदबाजी हरफनमौला है। वह गेंद और बल्ले दोनों में किसी एक से भी मैच पर बड़ा प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं। उनकी वापसी का मतलब है कि रॉबिन मिंज को शायद बाहर बैठना होगा।

मिंज अपने पहले मैच में चेन्नई के खिलाफ चेपॉक मैदान की मुश्किल पिच पर संघर्ष करते दिखे। टीम को हालांकि शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच खेलना है जहां परिस्थितियां पूरी तरह से बल्लेबाजी के अनुकूल दिखी है। इस मैदान पर पंजाब किंग्स (243) और गुजरात टाइटंस (232) के बीच खेले गये पिछले मैच में 475 रन बने थे। बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर गुजरात के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का प्रदर्शन अहम होगा। वह पिछले कुछ समय से लय में नहीं है और पंजाब के खिलाफ उन्होंने 54 रन लुटा दिये। प्रसिद्ध कृष्णा भी इस मैच में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। गुजरात की टीम में भारत के अनुभवी तेज गेंदबाजों की कमी है और मुख्य कोच आशीष नेहरा के लिए यह चिंता की बात होगी। कैगिसो रबाडा और राशिद खान जैसे दिग्गज विदेशी खिलाड़ियों पर रन रोकने के साथ-साथ विकेट लेने का दबाव पर बहुत अधिक है। मुंबई के लिए भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और टेस्ट तथा एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा की मौजूदा लय चिंता का सबब है। हार्दिक की वापसी से टीम की बल्लेबाजी को गहराई मिलेगी जबकि जरूरत पड़ने पर वह नयी गेंद से गेंदबाजी आक्रमण की शुरुआत भी कर सकते है।

मुंबई इंडियंस की एक और समस्या विकेटकीपर बल्लेबाज की है। टीम रयान रिकलेटन पर बहुत अधिक निर्भर है क्योंकि रॉबिन मिंज के पास इस स्तर के क्रिकेट का ज्यादा अनुभव नहीं है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ स्पिनरों की मददगार पिच पर कलाई के वामहस्त स्पिनर विग्नेश पुथुर ने अपनी प्रतिभा से प्रभावित किया। लेकिन उनकी असली परीक्षा गुजरात टाइटंस के खिलाफ बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर होगी।

गुजरात टाइटंस को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी कप्तान शुभमन गिल पर होगी। पिछले मैच में पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख ने जिस तरह से शेरफेन रदरफोर्ड को वाइड यॉर्कर या वाइड लो फुल-टॉस से परेशान किया उसे देखते हुए गुजरात की टीम ग्लेन फिलिप्स को मौका दे सकती है। फिलिप्स आक्रामक बल्लेबाजी के साथ ऑफ-स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। गिल के लिए गेंदबाजी चिंता का विषय होगी क्योंकि अधिकांश भारतीय गेंदबाज (सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और अनुभवी इशांत शर्मा) एक ही तरह की गेंदबाजी करते है।

गत चैंपियन मीनाक्षी और अनामिका 8वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। गत चैंपियन मीनाक्षी और अनामिका हुड्डा ने बुधवार को विपरीत अंदाज में जीत के साथ 8वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है । मौजूदा मिनिममवेट (45-48 किग्रा) चैंपियन मीनाक्षी (एआईपी) अजेय रहीं। उन्होंने दिल्ली की संजना को तीसरे राउंड में आरएससी जीत के साथ हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस बीच, लाइट फ्लाईवेट (48-51 किग्रा) खिताबधारी अनामिका हुड्डा (आरएसपीबी) को अब तक की सबसे कठिन परीक्षा का सामना करना पड़ा। उन्होंने तमिलनाडु की कलैवानी एस को 4-3 के स्प्लिट डिसीजन से हराया।

मीनाक्षी अब सिक्किम की यासिका राय से भिड़ेंगी, जबकि अनामिका का सामना हरियाणा की तमन्ना से होगा। उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से भारतीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप 20 से 27 मार्च, 2025 तक उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हो रही है। सप्ताह भर चलने वाले इस टूर्नामेंट में 24 राज्य इकाइयों के 180 मुक्केबाज दस भार श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जो विश्व मुक्केबाजी तकनीकी और प्रतियोगिता नियमों का पालन करता है। इसमें एक मिनट के ब्रेक के साथ तीन-तीन मिनट के राउंड शामिल हैं। जैस्मीन लेम्बोरिया (एसएससीबी) ने एक बार फिर अपना दबदबा साबित करते हुए एक और आरएससी जीत हासिल की। इस बार उन्होंने फेदरवेट (54-57 किग्रा) सेमीफाइनल में पंजाब की विशाखा वर्टिया के खिलाफ राउंड 3 में हराया। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता ने अब तक अपनी प्रतिद्वंद्वियों को अथक शक्ति और सटीकता के साथ परास्त किया है, और अब उनका सामना हरियाणा की प्रिया से होगा.

स्टार खिलाड़ी ने अचानक किया संन्यास का ऐलान

6830 रन और 127 विकेट...

नई दिल्ली, एजेंसी। क्रिकेट जगत के लगभग सभी स्टार खिलाड़ी फिलहाल आईपीएल में खेल रहे हैं. वहीं, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टीमों के बीच इंटरनेशनल सीरीज खेली जा रही है. इसी बीच क्रिकेट के एक स्टार खिलाड़ी ने संन्यास का ऐलान कर दिया है. इस खिलाड़ी ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट छोड़ने का फैसला किया है. वह नवंबर 2024 से इस फॉर्मेट का हिस्सा नहीं बना है. हालांकि ये खिलाड़ी लिस्ट ए और टी20 क्रिकेट में खेलना जारी रखेगा.

38 साल के ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मोइसेस हेनरिक्स ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है. हेनरिक्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिए चार टेस्ट मैच खेले हैं, वन-डे कप में न्यू साउथ वेल्स के लिए उपलब्ध रहेंगे और सिडनी सिक्सर्स के साथ उनके मौजूदा अनुबंध में एक सीजन शेष है, जिसके वे कप्तान भी हैं. बता दें,

हेनरिक्स ने नवंबर के शुरू से ही शेफील्ड शील्ड में न्यू साउथ वेल्स के लिए कोई मैच नहीं खेला था और अब इस फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है. मोइसेस हेनरिक्स ने संन्यास का ऐलान करते हुए कहा, 'मैंने इस साल क्रिसमस से पहले ही तय कर लिया था कि अब शेफील्ड शील्ड क्रिकेट खेलना बंद कर देना चाहिए.

इतने लंबे समय तक इस राज्य के लिए खेलना और नेतृत्व करना सम्मान की बात थी, लेकिन न्यू साउथ वेल्स के लिए खेलना केवल शब्दों और तैयारी के माध्यम से ही नहीं बल्कि प्रदर्शन के माध्यम से भी नेतृत्व करना है. इस उम्र में भी मेरा शरीर अभी भी सक्षम है, लेकिन मैं खेल के लंबे फॉर्मेट में अपने राज्य के लिए मैच जीतकर नेतृत्व नहीं कर पा रहा था, जो मुझे लगता है कि इस उम्र में आपको करना ही चाहिए.'

फर्स्ट क्लास क्रिकेट में ऐसा रहा प्रदर्शन

2013 में चेन्नई में भारत के खिलाफ अपने टेस्ट डेब्यू में 68 और नाबाद 81 रन बनाए थे, लेकिन अपने अगले तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके, जिनमें से दो भारत के खिलाफ और एक 2016 में श्रीलंका के खिलाफ था. उन्हें अपने करियर के दौरान कुल 131 लिस्ट ए मैच खेले, जिसमें उन्होंने 34.84 की औसत से 6830 रन बनाए. इस दौरान उनके बल्ले से 13 शतक देखने को मिले. इसके अलावा उन्होंने 30.75 की औसत से 127 विकेट भी चटकाए.

मियामी ओपनः

जोकोविच मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

मियामी, एजेंसी। पुरुष वर्ग के दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के गैरवरीयता प्राप्त किशोर खिलाड़ी जैकब मेन्सिक ने फ्रांस के 17वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 7-6 (7-5), 6-1 से हराया।

नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वह एटीपी मास्टर्स 1000 टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज टेनिस खिलाड़ी बन गए। इस तरह 37 साल के जोकोविच ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने सातवें खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए हैं। जोकोविच ने गुरुवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल मैच में कोर्डा को एक घंटे 24 मिनट में 6-3, 7-6 (7-4) से हराया। सेमीफाइनल में अब उनका सामना बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। जोकोविच ने 33 वर्षीय दिमित्रोव के खिलाफ जो 13 मैच खेले हैं उनमें से 12 में उन्होंने जीत दर्ज की है। पुरुष वर्ग के दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के गैरवरीयता प्राप्त किशोर खिलाड़ी जैकब मेन्सिक ने फ्रांस के 17वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 7-6 (7-5), 6-1 से हराया। 19 वर्षीय मेन्सिक पहली बार किसी एटीपी 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। फिल्स ने बुधवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव

को हराया था, लेकिन वह 19 वर्षीय मेनसिक के खिलाफ यह उपलब्धि नहीं दोहरा सके। विश्व रैंकिंग में 54वें स्थान पर काबिज मेनसिक का अगला मुकाबला सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने इटली के मातियो बैरेटिनी को 7-5, 6-7, 7-5 से शिकस्त दी। इस बीच महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 71 मिनट में 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने फिलीपींस की एलेक्जेंड्री इयाला को 7-6, 5-7, 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

19 साल की इयाला ने इससे पहले सेमीफाइनल में पहुंचने तक के अभियान में ग्रैंडस्लैम जीतने वाली तीन खिलाड़ियों को हराया था। इनमें इगा स्वियातेक, ओस्टापेंको और मेडिसन कीज शामिल हैं। स्वियातेक जहां पांच ग्रैंडस्लैम जीत चुकी है, वहीं ओस्टापेंको फ्रेंच ओपन और मेडिसन कीज ऑस्ट्रेलियन ओपन ग्रैंडस्लैम का खिताब जीत चुकी हैं, लेकिन ये सभी इयाला के आगे नहीं टिक सकीं। इसके अलावा इयाला ने वोलीनेट्स और पाउला बडोसा को भी हराया था। सेमीफाइनल में भी इयाला ने पेगुला को जोरदार टक्कर दी, लेकिन पेगुला बेहतर साबित हुईं।

पूरन ने अपनी छक्के मारने की क्षमता का राज खोला, दो आईपीएल मैचों में लगा चुके हैं 13 सिक्स

हैदराबाद (तेलंगाना), एजेंसी। निकोलस पूरन छक्के मारने या अपनी बल्ले की गति पर काम करने की योजना नहीं बनाते हैं, उनके अनुसार, वे बस अविश्वसनीय प्रतिभा से संपन्न हैं। छक्के मारने की मशीन पूरन ने लगातार छक्के मारने जारी रखा और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मौजूदा संस्करण में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए सिर्फ दो मैचों में 13 छक्के लगाए। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने सनराइजर्स हैदराबाद पर लगातार हमला करते हुए मात्र 26 गेंदों पर 70 रन की पारी खेली और स्ल को 191 रनों के लक्ष्य का आसानी से पीछा करने और कुछ ओवर शेष रहते पांच विकेट से जीत दर्ज करने में मदद की। पूरन ने अपने द्वारा अपनाए जाने वाले दृष्टिकोण की एक झलक दी, जिससे वह गेंद को आसानी से स्टैंड में पहुंचा सकते हैं और बाउंड्री की बौछार कर सकते हैं।

कैरेबियाई स्टार के लिए उनकी सफलता की कुंजी ताकत में नहीं बल्कि उनके शॉट की टाइमिंग में निहित है। पूरन ने कहा, मैं छक्के मारने की योजना नहीं बनाता। मैं बस अच्छी स्थिति में आने की पूरी कोशिश करता हूं, और अगर वह सही स्थिति में है, तो मैं गेंद को सही समय पर मारता हूं। पिछले 9 वर्षों में, मैं अपने कौशल पर काम कर रहा हूं। जाहिर है, मुझे पावरप्ले में भी ऊपर बल्लेबाजी करने का मौका मिल रहा है। जब विकेट अच्छा हो, तो इसका फायदा उठाना वास्तव में महत्वपूर्ण है।

ग्रामीणों के खाता एवं सिम से सायबर क्राईम करने वाली गैंग का पर्दाफाश

मेवाती गैंग के 3 सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त मोबाइल जप्त

पन्ना। पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना चौहान और एसडीओपी पन्ना एसपी सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बृजपुर उपनिरीक्षक भानु प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा ग्रामीण अंचल के भोले-भाले लोगों के नाम पर बैंक खाते खुलवाकर उन खातों का उपयोग साइबर अपराधों में करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार जेल भेजा गया है। पुलिस कांफ्रेंस हॉल में प्रेसवार्ता के दौरान एसपी श्री थोटा ने बताया कि थाना बृजपुर में फरियादी राजीलाल गौड़ निवासी ग्राम रमखिरिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि करीब दो माह पूर्व गाँव में दो अनजान व्यक्ति आए थे। उन्होंने बताया कि वे बाहर से आए हैं और गाँव-गाँव जाकर गरीब लोगों को पैसे बाँटते हैं। उन्होंने फरियादी से कहा कि यदि उसे पैसों की आवश्यकता है, तो वह एक नया बैंक खाता खुलवा सकता है, जिसमें वे पैसे जमा करेंगे। फरियादी ने शुरुआत में खाता खोलने से मना कर दिया, लेकिन जब आरोपियों ने बताया कि गाँव के अन्य लोगों के नाम

पर खाते खुलवाए गए हैं और उनमें जल्द ही पैसा आने वाला है, तो उसने विश्वास कर लिया और खाता खुलवाने के लिए सहमति दे दी। इसके बाद, आरोपियों ने सबसे पहले फरियादी के नाम पर एक नई सिम कार्ड निकलवाई और धोखाधड़ी करते हुए उसका आधार कार्ड, पैन कार्ड और सिम कार्ड अपने पास रख लिया। आरोपियों ने फरियादी के नाम पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पन्ना में एक खाता खुलवाया। दो दिन बाद बैंक से उसे खाता संख्या की पासबुक और एटीएम कार्ड प्राप्त हुए, लेकिन आरोपियों ने उसका बैंक खाता में दर्ज सिम कार्ड सहित चेकबुक एवं एटीएम कार्ड अपने पास रख लिया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बृजपुर में आरोपियों के विरुद्ध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है।

जांच में उजागर हुआ बड़ा कारनामा

थाना प्रभारी द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन पर थाना स्तर गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु प्रयास किये गये विवेचना दौरान पुलिस टीम को पता चला कि मामले में आरोपियों द्वारा बृजपुर थाना क्षेत्र में अन्य व्यक्तियों के नाम पर भी इसी तरह से बैंक खाते खुलवाए गए है जिनमे बीरन गौड़ के नाम पर 6 बैंक खाते, 6 एटीएम कार्ड और नया सिम कार्ड। सुरोमन गौड़ के नाम पर 3 बैंक खाते, 3 एटीएम कार्ड और 2 नए सिम कार्ड। दिनेश गौड़ के नाम पर 1 बैंक खाता, 1 एटीएम कार्ड और 1 सिम कार्ड। सुंदरलाल गौड़ एवं संतोष गौड़ के नाम पर भी खाते खुलवाकर उनके एटीएम कार्ड और सिम कार्ड। इसके अलावा जनकपुर और पन्ना के कुछ अन्य लोगों के नाम पर भी आरोपियों द्वारा इसी तरह बैंक खाता खुलवाये जाने की जानकारी प्राप्त हुई।

सायबर ठगी में उपयोग किए जा रहे थे खाते

आरोपियों द्वारा उक्त बैंक खातो का उपयोग कई लोगो के साथ सायबर धोखाधड़ी कर वित्तीय लेन-देन किया गया है। पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मामले में 02 आरोपियों को पूर्व में बस स्टैण्ड गिरफ्तार किया चुका है जबकि मामले में फरार 01 आरोपी को 26 मार्च को राजस्थान से दबोचा गया। आरोपियों 1. आरोपी अरबाज खान पिता नूरू खान उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बेला थाना सीकरी जिला डींग राजस्थान, 2. असगर खान उर्फ राजू पिता आमीन खान उम्र 22 वर्ष निवासी सगौड़ी थाना लक्ष्मणगढ़ 3. अय्यूब खान उर्फ अय्यान पिता हनीफ खान उम्र 34 वर्ष निवासी जालकटी डीगर थाना अल्मोड़ा राजस्थान के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 मोबाइल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। विवेचना के आधार पर मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। जिन्हे जल्द ही गिरफ्तार करने की बात कही गई है। आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न राज्यो के विभिन्न थानो में अपराध पंजीबद्ध होने की भी संभावना जताई गई है। जिनकी जानकारी ली जा रही है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बृजपुर उनि भानुप्रताप सिंह चौहान एवं थाना स्टाफ एवं प्रभारी सायबर सेल उनि अनिल सिंह राजपूत व सायबर सेल टीम का महत्वपूर्ण योगदान बताया गया है।

30 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

पन्ना। प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु में 30 मार्च से 30 जून तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। अभियान में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें। जल गंगा संवर्धन अभियान जल संकट को खत्म करने और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के जल संवर्धन अभियान में जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, पर्यावरण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा, उद्यानिकी एवं कृषि सहित 12 से अधिक अन्य विभाग एवं प्राधिकरण साथ मिलकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य करेंगे। अभियान की थीम जन

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन सहित 12 से अधिक विभागों की अभियान में होगी सहभागिता

सहभागिता से जल स्त्रोतों का संवर्धन एवं संरक्षण रखी गई है।

अभियान में विभिन्न गतिविधियां जैसे पौधरोपण, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम चलाने, स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने, ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, नदियों पर छोटे बांध निर्माण एवं नदियों के संरक्षण के लिए जलधारा के आसपास फलदार पौधों के रोपण और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान दें और अभियान के दौरान इसे जन आंदोलन बनाएं।

पंचायत स्तर पर तालाबों के निर्माण, वन्य जीवों के लिए वन क्षेत्र और प्राणी उद्यानों में जल संरचनाओं के पुनर्विकास के कार्य किये जायेंगे। लघु एवं सीमांत किसानों के लिए नए खेत व तालाब बनाए जाएंगे। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व के तालाबों, जल स्त्रोतों एवं देवालयों में कार्य किए जाएंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग नए तालाबों का निर्माण करेगा। नदियों के वॉटर शेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य होंगे। साथ ही नदियों की जल धाराओं को जीवित रखने के लिए गेबियन संरचना, ट्रेंच, पौधरोपण, चेकडैम और तालाब निर्माण पर जोर दिया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी चौपाल आयोजित होंगी। स्थानीय लोगों को जल संरचनाओं के रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। प्रत्येक गांव से 2 से 3 महिला-पुरुष का चयन कर जलदूत भी तैयार किए जाएंगे। सीवेज का गंदा पानी जल स्त्रोतों में न मिले, इसके लिए सोख पिट निर्माण को प्रोत्साहित किया जाएगा। नहरों के संरक्षण, जलाशयों से रिसाव रोकने, तालाबों की पिचिंग, बैराज मरम्मत कार्य होंगे। नगरीय विकास एवं आवास विभाग भी जल संरचनाओं के संवर्धन का कार्य करेगा। नहरों को मार्क कर विलेज मैप पर शासकीय नहर के रूप में अंकित किया जाएगा।

महिला को डिलीवरी का पैसा देने के नाम पर 1 लाख 11 हजार का सायबर फ्रॉड

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर उठाई जांच और कार्यवाही की मांग

पन्ना। शातिर सायबर ठग नए-नए तरीकों से भोले-भाले लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। पन्ना में एक महिला को डिलीवरी का पैसा देने का प्रलोभन देकर 1 लाख 11 हजार रुपए का साइबर फ्रॉड किए जाने का मामला सामने आया है। फरियादिया ज्योति प्रजापति पति प्रकाश प्रजापति निवासी रानीगंज मोहल्ला पन्ना ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंप कर बताया है कि 20 मार्च 2025 को शाम 5 बजे अज्ञात महिला ने फोन किया और अपना नाम पूजा गुप्ता बताते हुए मेरा नाम व मेरे

पति प्रकाश प्रजापति एवं मेरी बच्ची जिया प्रजापति एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता ममता रावत का नाम एवं महिला बाल विकास पन्ना के ऑफिस का नाम बताया एवं बच्ची का जन्म किस दिनांक पर हुआ वह भी बताया जिससे मुझे उस पर यकीन हुआ उसके बाद उन्होनें मुझसे कहा कि डिलीवरी का पैसा 12000 रुपए आपको मिलना है जो मैं आपको फोन पे कर देती हुँ इसके लिए मैंने अपने देवर अरूण प्रजापति का गुगल पे न0 बता दिया जिसमें पैसे आने के बजाय अरूण के खाते से 2 बार में 17 हजार 87 रुपए कट गये, उसके बाद उन्होने बोला की इस नं में पैसे नहीं जा रहे है दूसरा न0 दो तो मैंने अपनी चाची का नं दिया जिससे 90 हजार 500 रुपए कट गये जब हमें यह पता चला कि हमारे खाते से पैसे कट गये हैं तो हमने पूजा गुप्ता को बताया उसके बाद उसका मोबाइल बन्द हो गया, हमारे दोनों खातों से लगभग 1 लाख 11 हजार रूपये कट गये हैं।

टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को किया पुरस्कृत

पन्ना। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत गत दिवस जिले की टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किया गया। कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष 2024 में जिले की टीबी मुक्त 34 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. त्रिपाठी एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. जीतेन्द्र कुमार यादव भी उपस्थित रहे। जिले के अजयगढ़ ब्लॉक की 8 ग्राम पंचायतें, पन्ना ब्लॉक की 10 ग्राम पंचायतें, गुनौर ब्लॉक की 3 ग्राम पंचायतें, पवई ब्लॉक की 4 ग्राम पंचायतें और शाहनगर ब्लॉक की 12 ग्राम पंचायतों को पुरूस्कृत किया गया।

गर्मी के मौसम में बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम के लिए सलाह

पन्ना। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. त्रिपाठी द्वारा जिले के आमजन को अवगत कराया गया है कि माह मार्च से जुलाई तक तापमान में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत आवश्यक सावधानी व उपाय बरतें। गर्मी के मौसम में प्राय: हीट रैशेस, डीहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक की स्थिति निर्मित हो सकती है। इनसे बचाव के लिए जरूरी है कि गर्मी में घर से बाहर निकलते समय सिर को गमछे या तौलिये से ढंककर ही निकलें। रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें, ढीले सूती कपड़े पहनें। इसके साथ ही हमेशा पानी तथा तरल पेय पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करें। बाहर जाते समय अपने साथ हमेशा पानी रखें, गर्मी के मौसम में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। साथ ही बच्चों को अत्यधिक गर्मी महसूस होने पर घर के अंदर आने की सीख दें। बुजुर्ग व्यक्ति धूप में बाहर न निकलें। इन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिये प्रेरित करें। सीएमएचओ ने जारी सलाह में बताया कि गर्मी के दिनों में ठंडे मौसमी फलों का सेवन करें। अत्यधिक गर्मी होने पर ज्यादा व्यायाम से बचें, क्योंकि इससे शरीर का पानी जल्दी सूखता है। सुबह जल्दी और देर शाम जब ठंडक हो, तभी व्यायाम किया जाना चाहिए। लू लगने पर तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, गर्म लाल सूखी त्वचा, शरीर का तापमान अधिक होना, उल्टी आना, बहुत तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी व ऐंठन, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना जैसे लक्षण प्रतीत होते हैं। लू से प्रभावित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के तौर पर तुरंत छायादार जगह पर लिटाकर हवा करें, ठंडे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चे आम का शरबत आदि देना चाहिए। रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिए उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियां रखना चाहिए। इसके अतिरिक्त समस्या होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार कराना चाहिये। लू, तापघात एवं अन्य मौसमी बीमारियों के उपचार हेतु जिले के स्वास्थ्य संस्थाओं में समस्त प्रकार की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध है।

पुराने दस्तावेजों का होगा विनिष्टीकरण

पन्ना। मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवेन्द्रनगर डॉ. अभिषेक कुमार जैन द्वारा समस्त नागरिकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवेन्द्रनगर अंतर्गत वर्ष 2014 से 2019 तक की अवधि के आपातकालीन वार्ड, भर्ती वार्ड, प्रयोगशाला कक्ष, मेटरनिटी वार्ड एवं कुष्ठ रोग विभाग के विभिन्न पुराने दस्तावेजों के विनिष्टीकरण कार्यवाही के संबंध में सूचित किया गया है, जबकि कार्यालय कक्ष के वर्ष 2019 के पूर्व वर्ष के दस्तावेज विनिष्टीकरण किए जाएंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के विभिन्न वार्ड एवं शाखाओं के दस्तावेजों के खराब होने एवं वर्तमान में उपयोग न होने के कारण उक्त कार्यवाही की जाएगी।

स्कूल चलें हम अभियान एक से 4 अप्रैल तक

पन्ना। नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान एक से 4 अप्रैल, 2025 तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टर्स और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। स्कूल चलें हम अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा, जबकि जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम चयनित शाला में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की जायेंगी। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा-1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गयी है। स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियाँ सुनायेंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वेच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएँ भेंट कर सकेंगे। जिला कलेक्टर को जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड में बच्चों के साथ संवाद करने के लिये संवाद करने के भी निर्देश दिये गये हैं। स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों का विद्यालय से जुड़ाव करना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा।

सांसद ने शहरी भूमिहीन गरीब परिवारों को पीएम आवास योजना के लाभ के लिए रखी मांग

पन्ना। सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने गुरूवार को लोक सभा में शहरी भूमिहीन गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का लाभ प्रदान करने के संबंध में मांग रखी। भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नगरीय क्षेत्र में पात्र व्यक्तियों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएमएवाई-यू योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना अंतर्गत केन्द्रीय सहायता राशि भी स्वीकृत आवासों के

निर्माण के लिए जारी की जाती है।

सांसद श्री शर्मा द्वारा इस संबंध में खजुराहो संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पन्ना सहित कटनी और छतरपुर जिलों में शहरी क्षेत्र में निवासरत वंचित और ईडब्ल्यूएस शहरी गरीबों को योजना का लाभ प्रदान करने के संबंध में प्रश्न के माध्यम से जानकारी चाही गई। आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने चरणवार हितग्राहियों को योजना में लाभांवित करने के बारे में अवगत कराया। साथ ही चार घटकों के माध्यम से लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराने की बात कही। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत पन्ना जिले में 14 हजार 229 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें वर्तमान में 13 हजार 791 निर्माणाधीन हैं।

हत्याकाण्ड के 5 हजार के इनामी फरार आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

पन्ना। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा विभिन्न मामलो मे फरार चल रहे आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य मे थाना सिमरिया के हत्या के मामले मे पीएचसी सिमरिया से मृत्यु की सूचना तहरीर मृतिका हक्की बाई अहिरवार के संबंध मे प्राप्त हुई जिस पर थाना सिमरिया मे मर्ग कायम कर जाँच मे लिया गया था मर्ग जाँच दौरान मृतिका हक्की बाई की मृत्यु आरोपी कडौरी चौधरी, विशाल चौधरी, लालले उर्फ लाडले चौधरी, कुंजीलाल चौधरी, सियाराम चौधरी, सौखीलाल चौधरी के द्वारा लाठी-डण्डो एवं हाथ-घूसो से मारपीट कर गला दबाकर हत्या करना पाया गया जो पृथम द्रष्टया आरोपीगणो के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना मामलो के आरोपी कडौरी चौधरी, सौखीलाल चौधरी, कुंजीलाल चौधरी, लालले उर्फ लाडले चौधरी, सियाराम चौधरी सभी निवासी भटवा विरासन थाना सिमरिया को गिरफ्तार कर न्यायायलय में पेश किया गया था एवं मामले मे आरोपी विशाल चौधरी घटना दिनांक से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले के फरार आरोपी विशाल चौधरी पर 5000 रुपये के नगद ईनाम की घोषणा की गई थी। पुलिस टीम द्वारा मुखविर सूचना एवं सायबर सेल की मदद से आरोपी विशाल चौधरी पिता सौखीलाल चौधरी उम्र 22 साल को 25 मार्च को गुरुग्राम हरियाणा से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरूद्ध करें प्रभावी कार्यवाही : कलेक्टर

जिला सलाहकार समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

पन्ना। कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में खाद्य सुरक्षा पर गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक हुई। इस मौके पर समिति सदस्यों सहित उपस्थित विभागीय अधिकारियों के साथ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पर्यवेक्षण, निगरानी एवं मूल्यांकन सहित प्रावधानों के परिपालन और ईट राइट चैलेंज फेज 4 के टॉस्क पर चर्चा कर कार्ययोजना मुताबिक लक्ष्य प्राप्ति के उद्देश्यों पर विचार विमर्श किया गया। जिला स्तरीय समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. त्रिपाठी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार राय, जिला आपूर्ति अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण व समिति सदस्य मौजूद रहे।

बैठक में उपस्थितजनों से खाद्य सुरक्षा अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक सुझाव प्राप्त किए गए। साथ ही वर्ष 2025 में जनवरी एवं फरवरी माह में की गई कार्यवाही के बारे में अवगत कराया गया। बताया गया कि खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा दो माह में खाद्य प्रतिष्ठानों से 33 लीगल नमूने प्राप्त किए गए। जांच में दो अमानक स्तर के सेम्पल पाए गए। अपर कलेक्टर न्यायालय में 46 लंबित प्रकरणों तथा सीजेएम कोर्ट में दो लंबित

प्रकरणों में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। टीम द्वारा जागरूकता शिविर के माध्यम से आमजनों को जागरूक भी किया गया है। साथ ही चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से 71 नमूने भी लिए गए।

जिला कलेक्टर ने बैठक के अवसर पर शासकीय उचित मूल्य दुकानों, आबकारी दुकान एवं भण्डार गृह, मध्यान्ह भोजन के स्वसहायता समूह तथा मेस संचालन करने वाले छात्रावासों के एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन व लायसेंस के लिए आवेदन करने तथा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा समय सीमा में लायसेंस जारी करने के निर्देश दिए। एक स्थल पर 20 स्थायी दुकानों के माध्यम से ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता के तहत स्थल को क्लीन स्ट्रीट फूड हब के रूप में विकसित करने तथा जिले के प्रत्येक नगरीय निकायों में अनिवार्य रूप से एक क्लीन स्ट्रीट फूड हब तथा क्लीन फ्रेश फ्रूट एण्ड वेजेटेबल मार्केट के रूप में स्थल का चिन्हांकन करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन से समन्वय के निर्देश दिए। इसी तरह नवोदय विद्यालय और अस्पताल चौराहा पन्ना स्थित दीनदयाल रसोई एवं विकासखण्ड स्तरीय शासकीय अस्पताल परिसर को भी ईट राइट कैम्पस के रूप में विकसित करने की कार्यवाही के लिए कहा। उन्होंने खाद्य प्रतिष्ठानों की हाईजीन रेटिंग, प्रतियोगिता की अन्य गतिविधियों, हर शहरी क्षेत्र में बच्चों को गर्म पका भोजन उपलब्ध कराने के लिए जरूरी प्रबंध सहित सीएमओ को निकाय क्षेत्र में संचालित अंडा, मांस, मछली की दुकानों के उचित व्यवस्थापन, एनओसी जारी करने सहित एफएसएसएआई पंजीयन कराने के लिए भी निर्देशित किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि छोटे खाद्य व्यापारियों को 100 रूपए का शुल्क अदा कर पंजीयन करवाना अनिवार्य है, जबकि बड़े कारोबारकर्ताओं को पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन कर लायसेंस प्राप्त करना आवश्यक है।

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शनिवार 29 मार्च 2025

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में आयोजित किया जा रहा स्त्री रोग विशेषज्ञों का महासम्मेलन, महिला स्वास्थ्य के प्रति एक सार्थक पहल है। सम्मेलन में महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित जटिल समस्याओं पर मंथन होगा।

पूरी कार्ययोजना बनाकर जल गंगा संवर्धन अभियान चलाएं : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने समाधान आनलाइन में विभिन्न जिलों के आवेदकों की सुनी समस्याएं

रीवा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन में विभिन्न जिलों के आवेदकों की समस्याएं सुनी। रीवा जिले के आवेदक की प्राकृतिक दुर्घटना में भैंस के मरने पर राहत राशि के प्रकरण की सुनवाई करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को समय पर राहत राशि दें। इसमें देरी करने वाले पर कड़ी कार्यवाही करें। कलेक्टर रीवा लापरवाही बरतने वाले तहसीलदार को निलंबित करें। राहत राशि के प्रकरण एक माह में निराकृत करें। प्रकरण के संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि आवेदक को पशु हानि की राहत राशि का भुगतान कर दिया गया है। प्रकरण देर से प्रस्तुत करने वाले नायब नाजिर को निलंबित कर दिया गया है। मऊगंज जिले के आवेदक सुनील साहू ने बताया कि उनकी बस्ती में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से डेढ़ वर्ष से पानी नहीं आ रहा है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल बहुत गंभीर समस्या है। पेयजल से जुड़ी हर कठिनाई को दूर करके आमजनता को पेयजल उपलब्ध कराएं। प्रकरण के संबंध में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बताया कि पाइपलाइन में सुधार करा दिया गया है। प्रकरण में लापरवाही बरतने पर प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी मऊगंज महेश पटेल को निलंबित कर दिया गया है। इसी प्रकरण में लापरवाही बरतने पर उपयंत्री राजेश प्रताप सिंह को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त निर्माण करने वाली एजेंसी के विरूद्ध भी कार्यवाही की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने समाधान आनलाइन में सिंगरौली जिले में आवेदिका के छात्रवृत्ति प्रकरण की सुनवाई करते हुए समय पर छात्रवृत्ति भुगतान के निर्देश दिए। प्रकरण के संबंध में कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि

छात्रवृत्ति के पोर्टल में अनुसूचित जनजाति की छात्रा की जानकारी में सामान्य वर्ग दर्ज कर दिया गया था। इस गलती के सुधार के लिए प्राचार्य तथा संकुल प्राचार्य द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग को लगातार पत्र लिखे गए। पोर्टल बंद होने के कारण इसमें सुधार संभव नहीं हो सका। पोर्टल खुलने पर गलती में सुधार करके तीन वर्ष की छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने समाधान आनलाइन में सिवनी, सीहोर, विदिशा, ग्वालियर, छतरपुर, खण्डवा, छिंदवाड़ा, दतिया तथा गुना जिले के आवेदकों के प्रकरणों की भी सुनवाई की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की पूरी कार्ययोजना बनाकर प्रदेश भर में जल संरक्षण और जल संवर्धन के कार्य कराएं। अभियान में आमजनता की भी पूरी भागीदारी सुनिश्चित करें। आगामी 30 मार्च को विक्रम नववर्ष गुड़ी पड़वा मनाया जाएगा। यह महज नववर्ष की शुरूआत नहीं है। यह काल गणना की प्रथम तिथि है। विक्रम संवत नक्षत्रीय गणना राशियों तथा वैदिक गणना को समाहित किए हुए है। इन सबकी चर्चा 30 मार्च के कार्यक्रम में होनी चाहिए। विक्रम नववर्ष सूर्य उपासना से भी जुड़ा हुआ है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा कि ई आफिस की व्यवस्था 30 अप्रैल तक हरहाल में लागू कर दें। इसके बाद कोई भी फाइल भौतिक रूप से एक अधिकारी से दूसरे अधिकारी के पास नहीं जाएगी। ई आफिस से प्रशासनिक कार्यों में समय की बचत होने के साथ दक्षता और गुणवत्ता में वृद्धि होगी। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक अपने जिले की कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास करें। अपने सूचना तंत्र को सुदृढ़ रखें। राजस्व अधिकारी रोस्टर के अनुसार अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण करें। आगामी गर्मियों में पेयजल की समुचित व्यवस्था हर बसाहट में करें। पूरे प्रदेश में इन गर्मियों में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कर दें कि अगले वर्ष कहीं भी पेयजल परिवहन की नौबत न आए। सभी अधिकारी वर्ष 2025-26 के लिए विभागीय योजनाओं के लक्ष्य 15 अप्रैल तक निर्धारित कर दें। समाधान ऑनलाइन तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष ध्यान दें। लंबित प्रकरणों में संवेदनशीलता और तत्परता से कार्यवाही करें। सभी कलेक्टर सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की हर सप्ताह समीक्षा करें। कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह, चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी संजय खाण्डे, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त श्रेयस गोखले तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

हर विद्यार्थी का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करें : जिला शिक्षा अधिकारी

रीवा। जिले में एक अप्रैल से नवीन शिक्षा सत्र आरंभ हो रहा है। इसके लिए सभी स्कूलों में तैयारियाँ की जा रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने रीवा और मऊगंज जिले के सभी संकुल प्राचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों को एक अप्रैल को स्कूल में प्रवेशोत्सव के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि एक अप्रैल को धूमधाम के साथ विद्यार्थियों का शाला में प्रवेश कराएं। यदि कोई विद्यार्थी शाला से टीसी लेकर जा रहा है तो उसकी सूची बनाकर प्रस्तुत करें। साथ ही इस बात की भी पूरी जानकारी रखें कि उसने किस स्कूल में प्रवेश लिया है। शाला से किसी भी कारण से बाहर जाने वाले बच्चे का अन्य शाला में प्रवेश अनिवार्य रूप से कराएं।

शिक्षा सत्र एक अप्रैल से शुरू होने से पूर्व नए शिक्षण सत्र के लिए विद्यार्थियों को अस्थाई प्रवेश तत्काल दें। इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें कि कोई भी विद्यार्थी शाला त्यागी अथवा अप्रवेशी न रहे। कक्षा पाँचवी, छठवीं, आठवीं और नवीं उत्तीर्ण करके यदि कोई विद्यार्थी आसपास के स्कूल में प्रवेश लेता है तो उसकी भी सूची बनाकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

शासकीय उद्यान कुठुलिया में आज फल बहार की नीलामी आज

रीवा। शासकीय उद्यान कुठुलिया में आम फल बहार की वर्ष 2024-25 की नीलामी 29 मार्च को दोपहर 12 बजे से उद्यान कार्यालय कुठुलिया में की जायेगी। उद्यान अधीक्षक से प्राप्त जानकारी के अनुसार इच्छुक व्यापारी व क्रेतागण नियत तिथि में नीलामी में शामिल हो सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत विवरण शासकीय उद्यान कुठुलिया से प्राप्त किया जा सकता है।

गेंहू उपार्जन के लिए 142 नोडल अधिकारी तैनात

किसानों से अतिरिक्त राशि की मांग करने वालों पर करें कार्यवाही : कलेक्टर

रीवा

जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेंहू का उपार्जन शुरू हो गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गेंहू उपार्जन की निगरानी के लिए प्रत्येक खरीदी केन्द्र में दो नोडल अधिकारी तैनात किए हैं। संबंधित क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा पटवारी की तैनाती नोडल अधिकारी के रूप में की गई है। कलेक्टर ने कहा है कि सभी नोडल अधिकारी तैनाती के खरीदी केन्द्र में उपार्जन संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसानों के लिए छाया, पानी, ठहरने, अनाज को साफ करने तथा तौल करने के लिए की गई व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसानों से यदि कोई व्यक्ति उपार्जन केन्द्र में गेंहू भरने, तौल करने, सिलाई करने तथा स्टेगिंग करने के लिए अतिरिक्त राशि की मांग करता है तो उसके विरूद्ध तत्काल कार्यवाही प्रस्तावित करें। खरीदी केन्द्रों में शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप अच्छी गुणवत्ता के गेंहू का ही उपार्जन कराएं। उपार्जित गेंहू के व्यवस्थित तरीके से तथा सुरक्षित भण्डारण की व्यवस्था करें। खरीदी केन्द्र में किसी भी तरह की कठिनाई आने पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, उप संचालक कृषि, जिला महाप्रबंधक सहकारी बैंक, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम तथा जिला आपूर्ति अधिकारी को सूचना दें। केवल पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने संबल योजना की अनुग्रह राशि हितग्राहियों के खाते में की आंतरित

रीवा जिले के 485 तथा मऊगंज जिले के 194 हितग्राहियों को लाभ मिला

रीवा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से श्रम विभाग के तहत संचालित मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के हितग्राहियों को अनुग्रह राशि उनके खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 23162 मजदूर परिवारों को 505 करोड़ रूपये की अनुग्रह राशि बैंक खातों में अंतरित की। इस कार्यक्रम में रीवा जिले के 485 हितग्राहियों को एवं मऊगंज जिले के 194 हितग्राहियों को संबल राशि का हितलाभ प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने मंदसौर, खरगौन, शहडोल, दतिया और सीहोर जिले के अनुग्रह राशि

सहायता से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। संबल योजना विषम परिस्थिति में परिवार के लिए सहारा बनती है। संवेदनशील सरकार जरूरतमंदों के साथ खड़ी है। उन्होंने श्रमवीरों का अभिनंदन करते हुए कहा कि अपने परिवार को आगे ले जाने का संकल्प पूरा करें। कार्यक्रम में श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल दिल्ली से ऑनलाइन जुड़े। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से संबल योजना का बैकलाग समाप्त हो गया है। कलेक्टर कार्यालय रीवा स्थित एनआईसी में श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी तथा संबल हितग्राही उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि संबल योजना में पंजीकृत असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की मृत्यु होने पर उनके परिजनों को अंत्येष्टि सहायता के रूप में पांच हजार रूपये दिये जाते हैं। मजदूर की सामान्य मृत्यु पर उनके परिजनों को दो लाख रूपये तथा दुर्घटना से मृत्यु पर चार लाख रूपये आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मऊगंज जिले सहित नगरीय निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों व जनपद पंचायतों में भी देखा सुना गया।

आर.ई.सी. ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को सौंपा ट्रांसमिशन एस.पी.व्ही

रीवा। 1230 मेगावॉट विद्युत पारेषण के लिये रीवा क्षेत्र में 400 के.व्ही. के दो सबस्टेशन बनेंगे। मध्यप्रदेश को आगामी दो से तीन वर्षों में दो चरणों में 1230 मेगावॉट विद्युत की अतिरिक्त उपलब्धता रहेगी। इस हेतु बिजली कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में आर.ई.सी. ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को ट्रांसमिशन एस.पी.व्ही. सौंपा। परियोजना के तहत मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड के बंधौरा (सिंगरौली) पावर जनरेटिंग प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी के लिये ट्रांसमिशन नेटवर्क तैयार किया जाना है।

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी ने 1230 मेगावॉट विद्युत प्रदाय हेतु महान एनर्जेन लिमिटेड से पॉवर परचेस अनुबंध किया था। मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड द्वारा पावर जनरेटिंग प्लांट की स्थापना प्रस्तावित है। उक्त

पावर प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी हेतु नियामक आयोग के विनियमानुसार टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली प्रक्रिया के अंतर्गत पारेषण अद्योसंरचना के विस्तार हेतु मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी/एस.टी.यू. से अनुरोध किया गया था। जिसके तहत शासन ने निविदा प्रक्रिया समन्वयक (बी.पी.सी.) के लिये आर.ई.सी.पी.डी.सी.एल. (आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसलटेंसी लिमिटेड) को नियुक्त किया। टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली (टी.बी.सी.बी) में मेसर्स अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने 2000 करोड़ रूपये की इस परियोजना को अन्य बिडर्स के मध्य न्यूनतम दर के आधार पर हासिल करने में सफलता प्राप्त की। वैधानिक औपचारिकताओं को पूर्ण करने के बाद मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी एवं मेसर्स अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के मध्य पारेषण सेवा अनुबंध (ट्रांसमिशन सर्विस एग्रीमेंट) हस्ताक्षरित हुये, जिसके तहत टी.बी.सी.बी. में 400 के.व्ही., 220 के.व्ही. एवं 132 के.व्ही. की विभिन्न ट्रांसमिशन लाइनों सहित दो 400 के.व्ही. के सबस्टेशन रीवा के सगरा एवं अमरपाटन में स्थापित किये जायेंगे।

रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

रीवा। म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित (वार्ड क्रमांक 25.29) धोबिया टंकी रीवा के संचालक मंडल के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु उप अंकेक्षक बीएल कनौजी को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है।

पुस्तक मेले में तय दर पर मिलेंगी किताबें और गणवेश

रीवा। नया शिक्षा सत्र एक अप्रैल से आरंभ हो रहा है। जिले में संचालित सभी स्कूलों के विद्यार्थियों को निर्धारित दर पर किताबें और गणवेश उपलब्ध कराने के लिए पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने बताया कि पुस्तक मेला शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक तीन झिरिया में दो एवं तीन अप्रैल को आयोजित होगा।

इसमें जिले के सभी पुस्तक, स्टेशनरी और गणवेश विक्रेता शामिल होंगे। सभी दुकानदारों को पंजीयन कराने के बाद दुकान लगाने की सुविधा दी जाएगी। पंजीकृत दुकानों से निर्धारित दर पर विद्यार्थियों को किताबें तथा अन्य स्टेशनरी प्राप्त होगी।

कलेक्टर मऊगंज ने दैनिक वेतन भोगियों की नई दरें की निर्धारित

रीवा। कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने श्रमायुक्त म.प्र. शासन इंदौर के आदेश के परिपालन में मऊगंज जिले के दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिये एक अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि के लिए दैनिक वेतन की नई दरें निर्धारित की हैं। इन दरों में परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता भी सम्मिलित है। यह दरें मासिक, दैनिक तथा अंशकालिक एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों और श्रमिकों पर लागू होंगी। अकुशल कर्मचारियों के लिये न्यूनतम मूल वेतन 9575 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2275 रूपये के साथ प्रतिमाह कुल 11850 रूपये निर्धारित किया गया है। अर्द्धकुशल के लिये न्यूनतम मूल वेतन प्रतिमाह 10557 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2275 रूपये के साथ कुल वेतन 12846 रूपये निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार कुशल के लिये न्यूनतम मूल वेतन 12294 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2275 रुपए के साथ प्रतिमाह कुल 14569 रूपये वेतन देय होगा। उच्च कुशल के लिये प्रतिमाह 13919 रूपये न्यूनतम मूल वेतन तथा 2275 रूपये परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता सहित कुल 16194 रूपये कुल वेतन देय होगा। मजदूरी निर्धारण में पैसे तथा रूपये के गुणांकों को राउंड अप करके ही दैनिक एवं मासिक मजदूरी निर्धारित की जायेगी।

स्त्री रोग विशेषज्ञों का महा सम्मेलन महिला स्वास्थ्य के प्रति एक सार्थक पहल है : उप मुख्यमंत्री

एशोसियेशन आब्स्टेट्रिक्स एण्ड गायनोकोलाजी सोसायटी के तत्वाधान में स्त्री रोग विशेषज्ञों के सम्मेलन का उप मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में आयोजित किया जा रहा स्त्री रोग विशेषज्ञों का महासम्मेलन महिला स्वास्थ्य के प्रति एक सार्थक पहल है। सम्मेलन में महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित जटिल समस्याओं पर मंथन होगा और इससे निकलने वाले परिणाम मातृ मृत्यु दर व नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करने में सहायक होंगे।

एशोसियेशन आब्स्टेट्रिक्स एण्ड गायनोकोलाजी सोसायटी के तत्वाधान में देश, प्रदेश के स्त्री रोग विशेषज्ञों के महासम्मेलन में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की गर्भवस्था

संबंधी जटिलताओं, प्रसव की नई तकनीकों, मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के प्रभावी उपायों पर सम्मेलन में विचार विमर्श होगा और उसको सार्थक परिणाम सामने आयेंगे। उन्होंने कहा कि रीवा में चार दिनों तक आयोजित हो रहे इस आयोजन से यह परिलक्षित होता है कि स्त्री रोग विशेषज्ञ भी मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिये चिंतित है। गांव-गांव तक मिशन मोड में काम करते हुए महिलाओ के स्वास्थ्य के प्रति सार्थक पहल करनी होग। जनप्रतिनिधियों एवं समाज को भी आगे आना होगा तभी प्रदेश में मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकेगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन कराकर उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच आवश्यक है। स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को स्त्री विशेषज्ञ अनिवार्यतः उपस्थित रहकर गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच करें साथ ही मैदानी स्वास्थ्य आमला पूरी निष्ठा व समर्पण भाव से इसमें सहयोग करते हुए गर्भवती महिलाओं के परिजनों को भी जागरूक करें। सभी के समन्वित प्रयासों से ही प्रदेश में मातृ मृत्यु पर व शिशु मृत्यु दर कम हो पायेगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की भर्ती जारी है। आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में भी डाक्टर्स कालोनी बनाई जायेगी ताकि ग्रामीण क्षेत्र में सेवा दे रहे चिकित्सकों को असुविधा न हो।

एशोसियेशन आब्स्टेट्रिक्स एण्ड गायनोकोलाजी सोसायटी की प्रदेश अध्यक्ष डा. कविता एन सिंह ने महासम्मेलन के उद्देश्यों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश प्रदेश के स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला स्वास्थ्य के लिये विचार प्रस्तुत करेंगे जिनके सार्थक परिणाम सामने आयेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीना भार्गव को लाइफ टाइम एचीवमेंट एवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. गीता वनर्जी, सुदीप्ति मिश्रा, डॉ. पद्मा शुक्ला, डॉ. कल्पना यादव, अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा सहित देश, प्रदेश के ख्यातिलब्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833